नेपाली संस्कृत-अभिलेखों का हिन्दी अनुवाद

डॉ॰ कृष्णदेव अग्रवाल 'अरविन्द'

सन् ४६३ ई० से सन् ७४६ ई० तक की कालावधि में राजा मानदेव से लेकर महाराजा जयदेव द्वितीय तक लगभग १४ नेपाल-नरेशों ने ८९ अभिलेखों को संस्कृत भाषा तथा गुप्त लिपि में उत्कीर्णित कराया। इन अभिलेखों में प्रथम, द्वितीय तथा उनसठवाँ अभिलेख स्तम्भ-अभिलेख हैं, अठसठवाँ ताम्रपत्राभिलेख है। शेष ८५ अभिलेख शिलालेख हैं। इन अभिलेखों में १७ अभिलेख पूर्ण हैं, शेष अभिलेख न्यूनाधिक खण्डित हैं। ८९ अभिलेखो में १० अभिलेख पद्यात्मक, ४९ अभिलेख गद्यात्मक एवं ३० अभिलेख गद्य-पद्यात्मक अथवा मिश्रित हैं। इन अभिलेखों में लगभग ६५ अलङ्कारों तथा १४३ पद्यों में १३ प्रकार के छन्दों का समावेश किया गया है। केवलमात्र आर्या छन्द ही मात्रिक छन्द है, शेष सभी वार्णिक छन्द हैं। प्रस्तुत पुस्तक में श्री रेनिरो नोली की रोमन लिपि में लिखित **Nepalese Inscriptions in Gupta Characters Part I** नामक पुस्तक का अनुवाद किया गया है।

रु० ७०.००

PLATE XXXVI

नेपाली संस्कृत अभिलेखों
का
हिन्दी अनुवाद

HINDI TRANSLATION OF
SANSKRIT INSCRIPTIONS
FROM NEPAL

नेपाली संस्कृत अभिलेखों
का
हिन्दी अनुवाद

डा० कृष्णदेव अग्रवाल 'अरविन्द'

ईस्टर्न बुक लिंकर्स
दिल्ली : : (भारत)

५८२५, न्यू चन्द्रावल, जवाहर नगर, दिल्ली-११०००७

प्रथम संस्करण : मार्च, १९८५
मूल्य : रु० ७०.००

मुद्रक :
अमर प्रिंटिंग प्रेस, (श्याम प्रिंटिंग एजेन्सी),
८/२५, विजयनगर (डबल स्टोरी) दिल्ली-११०००९

HINDI TRANSLATION OF SANSKRIT INSCRIPTIONS FROM NEPAL

DR. KRISHAN DEV AGRAWAL 'AURWIND'

Eastern Book Linkers

DELHI :: (INDIA)

मङ्गलाचरणम्

१. गुणैर्हीनोऽपि यस्य प्रसादेन
वरदहस्तं नरो गृह्णाति शीघ्रम् ।

करोति येन निर्विघ्नं कार्यम्,
गणाधिपति-गणेशं तं नमाम्यहम् ।।

२. वर्द्धितं नेपाल-गौरवं यैः,
उदात्तैः कार्यैः स्वर्णयुगंकृतम् ।

पूज्यमाना सुभूमौ त्रिमूर्तिः
अहं लिच्छवीशान् प्रणमामि नित्यम् ।।

३. रघुवंशे भूत्वा रघुवंश-मानः,
त्यागेन शौर्येण रक्षितो यैः ।

राज्यं कृतं धर्मनिरपेक्षतया तत्,
तान् भूपतीन् प्रणमाम्यहम् ।।

४. रघुवंश-कुलाम्बरे शौर्य-मयूखैः,
हृतम् शत्रु-तिमिरं रघुवंशजातैः ।

स्वकालो व्यतीतो यैः प्रजाहितेषु,
दानाम्बुवर्षीन् प्रणमामि तानहम् ।।

—डा० कृष्णदेव अग्रवाल 'अरविन्द'

संक्षेप

1. Gnoli., R. : Gnoli Reniero
2. NIGC : Nepales Inscriptions in Gupta Characters
3. Ś. No. Śloka No.
4. L. No. : Line No.

आमुख

प्रस्तुत पुस्तक में श्री आर० नोली कृत 'Nepalese Inscriptions in Gupta Character-I' नामक पुस्तक में निहित ८६ अभिलेखों का हिन्दी अनुवाद किया गया है। इन अभिलेखों का हिन्दी अनुवाद मैं सन् १९८१ में 'नेपाल संस्कृत अभिलेखों का साहित्यिक अध्ययन' नामक शोध-प्रबन्ध को प्रस्तुत करने से पूर्व ही आदरणीय गुरुवर डा० एस० एस० राणा जी की प्रेरणा से कर चुका था। शोध प्रबन्ध में अभिलेखों के साहित्यिक अध्ययन के अन्तर्गत अभिलेखों के महत्वपूर्ण अंशों का स्वाभाविक रूप से हिन्दी अनुवाद हो जाने के कारण हिन्दी अनुवाद को एक पृथक् पुस्तक के रूप में लिखने की आवश्यकता को अनुभव नहीं किया। किन्तु डा० हितनारायण झा महोदय के निम्नलिखित वाक्य को* विस्मृत न कर सका और उससे प्रेरित होकर मैंने लिच्छविवंशी भूपतियों के गौरवगाथामय अभिलेखों का हिन्दी अनुवाद किया जो पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत है।

अभिलेखों के खण्डित होने के कारण, यत्र-तत्र व्याकरणात्मक त्रुटियों के कारण, जहाँ-तहाँ तिब्बती तथा पहाड़ी उपभाषाओं के संस्कृतेतर शब्दों

---

* "Although, the Lichhavis played a dominant role in the political and cultural life of Ancient India and Nepal, they have not been provided with the deserving place in history".

—The Lichhrvis (of Vaiśāli), Preface, p. 5
Dr. Hit Narain Jha

The Chaukhamba Sanskrit Studies Vol. XXV
Chaukhamba Publication Varanasi-I, 1970 A.D.

के समावेश के कारण हिन्दी-अनुवाद अक्षरशः शुद्ध तो नहीं कहा जा सकता किन्तु सब बातों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी अनुवाद करने का अधिकाधिक सङ्गत प्रयास किया गया है। मुझे विश्वास है कि पुरालेखीय विषयों से सम्बन्धित छात्रों को इस अनुवाद के द्वारा सन् ४६३ ई० से ७४७ ई० के मध्य भारत-नेपाल के पारस्परिक राजनैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक विषय सम्बन्धी ज्ञान-प्राप्ति में अवश्य सहयोग मिल सकेगा।

--डा० कृष्णदेव अग्रवाल 'अरविन्द'

१. नेपाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

नेपाल का नाम पौराणिक बौद्ध ग्रन्थों, चीनी यात्रियों के ऐतिहासिक यात्रा-प्रसङ्गों एवं गुप्तकालीन ग्रन्थों में सतत रूप से वर्णित होता आ रहा है। नेपाल के प्राचीन इतिहास पर विहंगम दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि राजा धर्माकर के पश्चात् राजा धर्मपाल हुआ। इन्हीं के वंशज राजा सुधन्वा नेपाल-नरेश हुए जो सीता स्वयंवर में राजा जनक के अनुज कुशध्वज के द्वारा मारे गए थे। नेपाल का शासन विदेहवंशी कुशध्वज एवं उसके वंशजों के हाथों में रहा।

महाभारत काल में भगवान् कृष्ण ने नेपाल में आकर दानासुर का वध करके अपने नाती का उद्धार किया। पद्मकास्थ नामक पर्वत पर रहते हुए नेपाल की उपत्यिका में भरे हुए जल को निकालकर प्रजा का कल्याण किया तथा यहाँ भी गौवंश की वृद्धि पर बल दिया। गौवंश का पालन करने वाले मुखिया गण गोपाल कहलाते थे। इसी वंश परम्परा में नेमुनि ने वाग्मती और विष्णुमती नदियों के मध्य स्थित टेकु नामक स्थान पर रहते हुए नेपाल का शासन-सूत्र संभाला। यह देश नेमुनि के द्वारा पालित पोषित होने से नेपाल नाम से अभिहित हुआ। इस प्रकार गोपालवंशी गुप्त राजाओं अथवा गुप्त (गोप) वंशी गोपाल राजाओं ने लगभग ६०० वर्षों तक राज्य किया। तत्पश्चात् गौड नरेश प्रचण्डदेव के पुत्र शक्तिदेव ने राज्य किया। उनके पश्चात् गुणकामदेव, सिंहकेतु तथा राजा सिंहल ने सातवीं श० ई० पू० तक राज्य किया। तत्पश्चात् किरातवंश के राजा यलम्बर से लेकर राजा गस्ती तक लगभग ३० राजाओं ने ७५० वर्षों तक शासन किया। १४वें किरातवंशी स्थंकु के शासनकाल में सम्राट् अशोक अपने गुरु उपगुप्त की प्रेरणा से परिवार सहित २६५ ई० पू० में नेपाल आए और अपनी पुत्री चारुमती का विवाह वहीं पर क्षत्रियवंशी देवपाल के साथ कर दिया। देवपाल और चारुमती ने देवपाटन नामक ऐतिहासिक नगर बसाया। किरातवंशी राजा गण सम्राट् अशोक के करदाता के रूप में राज्य करते रहे। दूसरी शताब्दी ई० पू० से

लेकर ११० ई० पू० तक का नेपाली इतिहास अन्धकारमय है। प्रथम शताब्दी ई० में सोमवंशी राजा निमिष ने २८वें किरातवंशी राजा पटुक को पराजित कर नेपाल में सोमवंश की स्थापना की। उसी ने चतुर्मुखी पशुपतिनाथ की मूर्ति की स्थापना की थी। तत्पश्चात् दूसरी शताब्दी के उत्तरार्द्ध में सूर्यवंशी लिच्छवि राजाओं ने नेपाल में शासन आरंभ किया। पशुपत्ति-वंश प्रशस्ति शिलालेख[1] लिच्छविवंशीय राजाओं की गौरवगाथा को उद्‌घाटित करता है।

महाराजा दशरथ और उसके पुत्र तथा पौत्रों के समान आठ अन्य राजाओं को छोड़कर श्रीमान् लिच्छवि हुए।[2] लिच्छवि वंश के २४वें राजा जयदेव प्रथम के पश्चात् ११ राजाओं के नाम अज्ञात हैं। अन्त में वृषदेव, शङ्करदेव, धर्मदेव और ३९वें राजा मानदेव हुए। लिच्छवि वंशी राजा भास्कर वर्मा की पुत्री कुमार देवी का विवाह भारत के सम्राट् चन्द्रगुप्त प्रथम के साथ हुआ था। मानदेव के पूर्वज भारत के गुप्तवंशी राजाओं के करदाता थे।[3] भारत के सम्राट् स्कन्दगुप्त के शासनकाल में हूणों के लगातार आक्रमणों के कारण सामन्त लोग स्वतन्त्र हो गए थे। इस अवसर का लाभ उठाते हुए राजा मानदेव ने स्वयं को स्वतन्त्र घोषित कर 'मनाङ्कमुद्रा' का प्रचलन किया। राजा मानदेव ने अपनी शासन व्यवस्था में पूर्णरूप से सम्राट् समुद्रगुप्त के आदर्शों को अपनाया।[4]

'लाजिमपाट विक्रान्तमूर्ति अभिलेख'[5] के अनुसार मानदेव ने माता

---

1. Gnoli, R., NIGC No. LXXXI
२. श्रीमत्तुङ्गरथस्ततो दशरथः पुत्रैश्च पौत्रैस् समं राज्ञाऽष्टावपरान् विहाय परितः श्रीमान् अभूल्लिच्छविः ॥५॥
   Gnoli, R., NIGC No. LXXXI, Ś. No. 5
३. यी चार राजाहरू (वृषदेव, शङ्करदेव, धर्मदेव, मानदेव) को अतिरिक्त नेपालमा अन्य राजाहरू को राजनैतिक स्थित एक स्वतन्त्र राजा को रूप मां न रहेर कर दाता महाराज को रूप मा रहे को होला।"
   —नेपाल को ऐतिहासिक विवेचना पृ० ४०
   ढुण्डिराज भंडारी, काठमाण्डु, नेपाल, संवत् २००८
४. यिन को शासनव्यवस्था ले भारतवर्ष का महान् गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त को शासन व्यवस्थापित मेलजोल गरे को दृष्टिगोचर हुन्छ"।
   —नेपाल को ऐतिहासिक विवेचन, पृ० ४३
5. Gnoli, R. NIGC No. III

राज्यवती की पुण्यवृद्धि के लिए भगवान् विष्णु की विक्रान्तमूर्ति की स्थापना की। साथ ही उसने महाचक्रविहार का जीर्णोद्धार तथा अनेक विहार एवं चैत्यों का निर्माण कराया जैसा कि उसके अभिलेखों से विदित होता है। छंगूनारायण स्तंभलेख के अनुसार उसका राज्य उत्तर में पहाड़ियों से लेकर पूर्व में मल्लपुरी तथा कोसी नदी एवं पश्चिम में गण्डक नदी तक फैला हुआ था।[1] तत्पश्चात् महीदेव, वसन्तदेव, उदयदेव I मानदेव II गुणकामदेव एवं शिवदेव II हुए। महाराज अंशुवर्मा शिवदेव I का जमाता था। दोनों ने सम्मिलित रूप से द्वैध शासन किया। नेपाल में शिवदेव I के समय से द्वैधशासनप्रणाली का सूत्रपात हुआ। शिवदेव I के भिक्षु बनने के पश्चात् अंशुवर्मा ने उनके पुत्र ध्रुवदेव एवं उदयदेव द्वितीय के साथ द्वैध शासन किया।। अंशुवर्मा से ५८८ ई० से लेकर सन् ६३५ ई० तक उदयदेव II, ध्रूवदेव एवं जिष्णुगुप्त के साथ द्वैध शासन किया। इसी प्रकार जिष्णुगुप्त, विष्णुगुप्त, भीमार्जुनदेव राजाओं ने स्वतन्त्र रूप से शासन न करके सम्मिलित रूप से शासन किया। इन सब में अंशुवर्मा महान् प्रजाहितैषी एवं शब्दशास्त्र का[2] रचयिता था। नालन्दा विश्वविद्यालय के महान् वैयाकरण चन्द्रवर्मन् का आश्रयदाता एव कैलासकूटभवन का निर्माता था। उदयदेवद्वितीय के पुत्र नरेन्द्रदेव (६४१-६७६) राजा हुए। उनके पुत्र शिवदेव द्वितीय (६८४-७०५) तक राजा हुए 'पशुपति राजवंश प्रशस्ति" अभिलेखानुसार उसका विवाह आदित्यसेन की दौहित्री एवं मगध नरेश भोगवर्मा की पुत्री बत्सदेवी के साथ हुआ था। तत्पश्चात् इनका पुत्र महाप्रतापी एवं महाकवि जयदेव द्वितीय (७०५-७४७) राजा हुए। 'पशुपति राजवंश प्रशस्ति शिलालेख के अनुसार नेपाल नरेश जयदेव द्वितीय का विवाह कलिंग-कौशलनरेश श्री हर्षदेव की पुत्री राज्यमती के साथ हुआ था। इस प्रकार नेपाल और भारत का इतिहास अन्योन्याश्रित एवं एक दूसरे का पूरक है।

---

1. Gnoli R., NIGC No. I S. No 16-19
२. (क) ओऽम् स्वस्ति कैलासकूवभवनात् अनिशिनिशि चानेकशास्त्रार्थ-विमर्शावसादिता सद्दर्शनतया धर्माधिकारस्थितिकारणम्...।
Gnoli, R., NIGC No. XLI L. No. 1-2
(ख) प्रजाहितार्थोद्यतशुद्धचेतसांशुवर्म्मणा
श्रीकलहाभिमानिना।
कथं प्रजा मे सुखिता भवेदिति प्रिया-
व्यवस्थेयमकारि धीमता ॥
Gnoli, R. NINC No. XXXVI L. No. 21-22

२. नेपाली संस्कृत अभिलेखों का सामान्य परिचय

जहाँ शिलालेखों, स्तम्भलेखों, ताम्रपत्रों आदि के द्वारा जहाँ वाली, वोर्नियो, चम्पा, सुमात्रा, जावा आदि देशों में प्रसारित एवं समृद्ध भारतीय संस्कृति का गहरा परिचय मिलता है वहाँ रघुवंशी महाराज लिच्छवि द्वारा स्थापित लिच्छवि वंश के अनेकों प्रतापी नेपाल-नरेशों द्वारा गुप्तलिपि में उत्कीर्णित संस्कृत अभिलेख भी भारतीय संस्कृति के रहस्यों को प्रकाशित करते हैं।[1] भारत और नेपाल की सांस्कृतिक सम्बन्धों की जंजीर से टूटकर लुप्त होने वाली कड़ियों को ढूंढ़ निकालते का बहुत कुछ श्रेय नेपाल के संस्कृत अभिलेखों को है।

सम्राट् हर्षवर्धन के पश्चात् भारत राजनैतिक दृष्टि से कुछ अस्तव्यस्त हो गया था। इसलिए ७-८ श० के अभिलेखों में उत्कृष्ट गुप्ता अभिलेखन-शैली का अभाव हो गया था। इस उत्कृष्ट गुप्ता-अभिलेख-शैली की परम्परा को नेपाल के राजा नरेन्द्रदेव, शिवदेव द्वितीय एवं जयदेव द्वितीय ने अपने अभिलेखों में सुरक्षित रखा।

नेपाल के लिच्छवी वंशी राजाओं ने सन् ४६३ ई०-७४७ ई० के मध्य लगभग ८९ अभिलेख उत्कीर्णित कराए जो पाँचवों श० से आठवीं श० के मध्य भारत-नेपाल के अटूट एवं अमिट सांस्कृतिक सम्बन्धों पर प्रकाश डालते

---

1. The deficiency of material which can be arranged in strictly chronological sequence into some extent made up by contemporary records on stone and copper which have been discovered during the last few decades, not only in all parts of Indian empire but in the adjoining countries towards North. East and South such as Nepal, Central Asia, Jawa, Combodia and Ceylon, wherever the influence of the civilization of India had penetrated".

   —D.B. Diskalkar, *Selection from Sanskrit Inscription* Page 9

हैं।[1] राजा मानदेव के ग्यारह[1] (४६४-५०५), राजा वसन्तदेव के ४[2] (५०६-५३२ ई०), राजा रामदेव के तीन[3] (५४०-५४८ ई०) राजा गणदेव के तीन[4] (५६०-५६७ ई०), राजा शिवदेव प्रथम के तेरह[5] (५९५-६०३ ई०), राजा अंशुवर्मा के तेरह[6] (६१८-६२७ ई०), राजा उदयदेव द्वितीय के दो[7] (६३३-६३४), राजा ध्रुवदेव तथा विष्णुगुप्त के पाँच[8] (६३६-६३९), राजा भीमार्जुनदेव तथा जिष्णुगुप्त के चार[9] (५४३-६४८ ई०), राजा जिष्णु गुप्त के दो[10] (६५९-६५० ई०), राजा भीमार्जुनदेव तथा विष्णुदेव के दो[11] (६५२-६५३ ई०), राजा नरेन्द्रदेव के बारह[12] (६५०-६७७ ई०), राजा शिवदेव द्वितीय के चार[13] (६९७-७१३), तथा राजा जयदेव द्वितीय के ग्यारह[14] (७२५=७४७) कुल ८९ अभिलेख मिलते हैं।

In several spheres of society and culture we find parallel developments in the two countries which in many cases reveal close mutual connection. For a proper understanding of same developments in Indian History and culture we have to look to the material from Nepal, the vital missing links are possibly to be found there. As is well-known evidence for certain cultural activities on the subcontinent may still exist in Nepal where they have been preserved with care and concerned whereas in India itself. They died out or obliterated".

—*Studies in the History & culture of Nepal.* Page 5
Gopal Lallanji & Verma T.P.

1. Gnoli, R., NIGC No. I-XI
2. XII-XV
3. XVI-XVIII
4. XIX-XXI
5. XXII-XXXIV
6. XXXV-XLVII
7. XLXVIII-XLIX
8. L-LIV
9. LV-LLIII
10. LIX-LX
11. LXI-LXII
12. LXIII-LXXI-LXXXIII-LXXV
13. LXXII-LXXVI-LXXVIII
14. LXXIX-LXXXIX

इनमें प्रथम, द्वितीय एवं उनसठवाँ अभिलेख स्तम्भ-लेख हैं, अड़सठवाँ ताम्रपत्राभिलेख हैं। शेष पचासी अभिलेख शिलालेख हैं।

नेपाली अभिलेखों को विषय की दृष्टि से पांच भागों में विभाजित किया जा सकता है—[1]प्रशंसात्मक अभिलेख [2]धार्मिक अभिलेख [3]समारक प्रधान अभिलेख[4] दान सम्वन्धी अभिलेख[5] राजाज्ञा प्रधान अभिलेख। इनकी संख्या क्रमशः ५, ११, १०, ८ तथा ५५ है।

---

1. I, XI, LXVI, LXXXI, LXXV
2. IX, X, XX, XXXVIII, LII, LVI, LX, LIX, LXXV, LXXXI, LXXXVIII
3. III, IV, VII, VIII, XVIII, XLI, XLVI, XLVIII, LIII, LXIII
4. II, V, VI, XVI, XVII, XXVIII, XLV, XLIX
5. XII-XV, XIX, XXI-XXXVII, XXXIX-XLIV, XLVII, ILIV, XLIX, L, LI, LIV, LV, LVII, LVIII, LXI-LXII, LXIV, LXV, LXVII, LXVIII, LXX-LXXV, LXXVII, LXXIX, LXXXII-LXXXIV, LXXXVII, LXXXIX,

नेपाली संस्कृत अभिलेखों में काव्य

ईसा की कई शताब्दी पूर्व से लेकर मध्य युग तक लिखे गए विभिन्न अभिलेखों के इतिहास का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि भिन्न-२ देशकाल-वातावरण में राजाओं एवं सामन्तों का मुख्य उद्देश्य विविध अभिलेखों के माध्यम से अपनी दिग्विजयों, जीवन की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनैतिक घटनाओं को चिरस्थायी बनाना था न कि काव्य-सौष्ठव प्रदर्शित करना। परन्तु भाषा एवं साहित्य के विशारद राजकवियों द्वारा रचित प्रशस्तियों में काव्यत्व स्वाभाविक रूप से प्राप्त होता है। इस इस तथ्य को डी० बी० डिसकलकर ने भी स्वीकार किया हैं।[1]

इन अभिलेखों में सत्रह अभिलेख पूर्ण हैं, शेष अभिलेख न्यूनाधिक खण्डित हैं। नवासी अभिलेखों में दस अभिलेख पद्यात्मक[2] उनन्चास अभिलेख

---

1. The objeet that prompted the engraving of these inscriptions was generally the recording of some pious donation of Village or the building of a temple or even that of describing the exploits of a king. In all these cases, it is therefore futile to expect any flashes of Literary merit in the composition reeorded in inscriptions. But sometimes when a court-poet sets himself to the task of extolling the vertues and exploits of his patron king and his ancestors the result is sometimes recorded in the excellent specimens of SKT kāvya or artificial poetry. These praśastis very 'often contain not only the same ideas but also words and phrases similar to those found in the standard classical poetry of the Masters of Sanskrit Literature."

   —*Selections from Sanskrit Inscriptions*, By Diskalkar, D.B., Page 9

2 I, III, IV, IX, XI, XXIX, LXIII, LXIX LXXXI, LXXXVI

गद्यात्मक[२] एवं तीस अभिलेख गद्य-पद्यात्मक अथवा मिश्रित[१] हैं। इन अभिलेखों में लगभग पैंसठ प्रकार के अलङ्कार तथा १४३ पद्यों में तेरह प्रकार के छन्दों का समावेश है। केवलमात्र आर्या छन्द ही मात्रिक छन्द है। शेष सभी वार्णिक छन्द हैं।

इन अभिलेखों के अनुशीलन से न केवल गुप्तकालीन भारत-नेपाल के अटूट सांस्कृतिक सम्बन्धों एवं आदान-प्रदान पर प्रकाश पड़ता है अपितु संस्कृत साहित्य की उत्कृष्ट विधाओं की सुरक्षित प्राचीन परम्परा का भी उद्घाटन हुआ है। सन् ४६४ में लिखा गया राजा मानदेव का छंगूनारायण मानदेव प्रशस्ति स्तंभलेख" उन्नीस शार्दूलविक्रीडित-छन्दों में आबद्ध अज्ञातनामा कवि की उत्कृष्ट संस्कृत-काव्य रचना है। छन्दालङ्कार, रस आदि की दृष्टि से रचना अत्यन्त सुष्ठु एवं प्रौढ़ है। भाव, भाषा, एवं कवि-कला का अद्भुत त्रिवेणी सङ्गम एवं सामञ्जस्य परिलक्षित होता है। पति के दिवङ्गत होने पर मानदेव की माता राज्यवती संसार से विरक्त होकर पति की अनुगामिनी बनना चाहती है। किन्तु रानी अपने पुत्र मानदेव के मुख-पङ्कज से निसृत अश्रुजल से सम्पृक्त वाक्-पाश में आबद्ध होकर परवश विहगी के समान स्थिर हो जाती है—

> "किं मे भोगविधानविस्तरकृतैराशामयैर्बन्धनै-
> र्मायास्वप्ननिभे समागमविधौ भर्त्रा विना जीवितुम्।
> यामीत्येवमवस्थिता खलु तदा दीनात्मना सूनुना
> पादौ भक्तिवशान्निपीड्य शिरसा विज्ञापिता यत्नतः॥
> किं भोगैर्म्मम किं हि जीवितसुखैस्त्वद्विप्रयोगे सति
> प्राणान् पूर्व्वमहञ्जहामि परतस्त्वं यास्यसीतो दिवम्।
> इत्येवं मुखपङ्कजान्तरगतैर्न्नेत्राम्बुमिश्रैर्द्दढम्[२]
> वाक्पाशैर्विहगीव पाशवशगा बद्धा ततस्तस्थुषी॥[३]

---

1. II, IV, XIII, XIV, XV, XVII, XIX, XXI, XXIII, XXIV-XXVII, XXX-XXXIII, XXV, XXXIX-XLVI, XLIX, LIII LV, LXV, LXVI, LXVIII, LXX-LXXII, LXXIV-LXXV, LXXIX, LXXXII, LXXIV, LXXXVI-LXXXIX
2. VI, VIII, X, XVI, XV, XXII, XXIX, XXXIV, XXXVI, LXVI, LXVII, LXXIII, LXXIV, LXXVI, LXXVII, LXXVIII, LXXX, LXXXII, LXXXIII, LXXXVII, L-LII LIV, LVI, LVII, LIX, LXI, LXI
3. Gnoli, R., NIGC No. I-9-10 Ślokas

वात्सल्य प्रेम के कारण रानी निजी इहलौकिक एवं पारलौकिक कामनाओं को न्यौछावर करने को विवश हो गई। जिस प्रकार किसी वस्तु को बाँधने के लिए रस्सी को भिगोकर अधिक दृढ़ एवं पक्का कर दिया जाता है, उसी प्रकार पुत्र के अश्रुओं से वाक्पाश भी माता को बाँधने के लिए गीला होकर अधिक सुदृढ़ हो गया है। कवि की हृदयस्पर्शी उपमा कालिदास की उत्कृष्ट उपमाओं की पंक्ति में सुशोभित प्रतीत होती है। एक ही श्लोक में रूपक, उपमा, भावशान्ति, अनुप्रास आदि अलङ्कारों का स्वाभाविक आकर्षण, दिवङ्गत पति के वियोग के कारण संसार को त्यागकर पति की अनुगामिनी बनने की उत्कट तत्परता एवं दूसरी ओर बिलखते हुए पुत्र मानदेव के प्रति माता की ममता एवं कर्त्तव्य का पारस्परिक द्वन्द्व तत्पश्चात् भावशान्ति अत्यन्त हृदयस्पर्शी तथा ध्वन्यात्मक है। इस अभिलेख के उत्कृष्ट काव्य-सौष्ठव एवं प्रौढ़त्व के आधार पर यह सिद्ध होता है कि इस प्रकार की उत्कृष्ट संस्कृत पद्यकाव्य-शैली की परम्परा राजा मानदेव से पूर्व ३८ राजाओं के समय से चली आ रही होगी। इस प्रकार प्रौढ़-प्राञ्जलित भाषा-शैली का विकास कुछ दशाब्दियों में संभव न होकर कई शताब्दियों में होता है। राजा मानदेव के विख्यात राजकवि अनुपरम कृत "द्वैपायन स्तोत्र अभिलेख[1] एवं राजा जयदेव द्वितीय के राजकवि बुद्धकीर्ति द्वारा विरचित "पशुपति राजवंश प्रशस्ति अभिलेख"[2] संस्कृत साहित्य के इतिहास में अपना अनुपम स्थान रखते हैं।

४० अभिलेखों के १४१ पद्यों में श्लोक, शार्दूलविक्रीडित, मालिनी, वंशस्थ, मन्दाक्रान्ता, प्रहर्षिणी, शिखरिणी, आर्या, उपगीति, रुचिरा, मञ्जुभाषिणी, स्रग्धरा, उपजाति तथा वसन्ततिलका—इन चौदह छन्दों का भाव-भाषानुकूल प्रयोग किया गया है। छन्दों के भाव-रस-गुण अलङ्कारानुकूल प्रयुक्त किए जाने के कारण प्रत्येक अभिलेख आद्योपान्त प्रभावपूर्ण, विषणप्रभ, आह्लादक, स्वरलयात्मक, नाद-सौन्दर्यपूर्ण एवं संगीतात्मक हैं।

अभिलेखों की अन्य विशेषता है अभिलेखों के परवर्ती आचार्यों द्वारा प्रणीत नवीन अलंकारों का पाया जाना। स्मरण, परिणाम, उल्लेख, प्रतिवस्तूपमा, विनोक्ति, परिकर, परिकरांकुर, अप्रस्तुतप्रशंसा, अर्थान्तरन्यास, असंगति, अन्योन्य, सम, असम, अधिक, अत्युक्ति, विशेष, कारणमाला, पर्याय, परिसंख्या, विकस्वर, उत्तर आदि नेपाली अभिलेखों के परवर्ती अलंकार हैं जो अभिलेखों में पाए जाते हैं।

1. Gnoli, R., NIGC No. XI
2. Gnoli, R., XIGC No. LXXXI

अभिलेखों से हास्य रस को छोड़कर शृङ्गार रस,[१] करुण[२], वीर,[३] बीभत्स[४] भयानक[५], रौद्र[६], वात्सल्य,[७] अद्भुत,[८], भक्ति[९] तथा शान्त[१०] रस उपलब्ध हैं।

शब्दचित्र—

अभिलेखों में दिग्विजयों, प्राकृतिक सीमा निर्धारण, मार्मिक स्थलों के चित्रण में शब्दचित्रात्मकता प्रशंसनीय है। चित्रालङ्कार में सिद्धहस्त एवं कवित्त के गौरव एवं मर्यादा के मर्मज्ञ होने के कारण ही डी० आर रिग्मी ने महाकवि बुद्धकीर्ति के अतिरिक्त राजा जयदेव द्वितीय को एक महान् कवि कहा है—

"King Jayadeva is called as a great poet full of humility for he himself did not compose the verses giving the genealogy of his ancestors. He composed first five verses (25-29) in honour of the Lord and nothing more".[11]

अलंकृत काव्य शैली—

बाणभट्ट, सुबन्धु आदि महाकवियों ने अलंकृत काव्यशैली के माध्यम से वाग्वैदग्ध्य, कवि-कल्पना एवं प्रौढ़ पाण्डित्य का अपनी रचनाओं में कई स्थलों पर प्रदर्शन किया है। राजा जयदेव द्वितीय के "पशुपति राजवंश प्रशस्ति अभिलेख के निम्नलिखित दो श्लोक अलंकृत काव्यशैली के उत्कृष्ट उदाहरण हैं—

---

1. Gnoli, R. NIGC No. I Ś. No. 1
2. Ibid, No. I Ś. No. 5-14
3. Ibid, No. I Ś. No. 14-15
4. Ibid, No. XXXIV L. No. 30-31
5. Ibid, No. I Ś. No. 18
6. Ibid, No. I Ś. No. 17
7. Ibid No. XXXVI L. No. 21-22
8. Ibid, No. LXXXI Ś. No. 18-27, 29-30
9. Ibid, No. XI, L. 68-72, XX L. 4-11, LXI L. 1-2
10. Ibid, No. I L. No. 5-6, XI, L. 33-34
11. Ancient Nepal Ch. IX –The Restoration)—Regmi, D.R.

अङ्गश्रियापरगतोजितकामरूपः
काञ्चीगुणाढ्य वनिताभिरुपास्यमानः ।
कुर्वन् सुराष्ट्रपरिपालनकार्यचिन्तां
यः सार्व्वभौमचरितम् प्रकटीकरोति ।।[1]

अर्थात् कामदेव के सुन्दर रूप को भी पराजित करने वाले अपने शरीर की शोभा से युक्त था, करधनियों से सुसज्जित गुणवती वनिताओं द्वारा उपास्यमान रहता था । अपने सुराष्ट्र के परिपालन-कार्य की चिन्ता करने वाला था जो सार्वभौमिक चरित्र को प्रगट करता है ।

अथवा

अङ्गदेश को जीतने के कारण, उसकी श्री एवं समृद्धि से परिवृत्त जीते हुए कामरूप एवं काञ्ची प्रदेशों की गुणवान् वनिताओं के द्वारा उपास्यमान होता था । सौराष्ट्रप्रदेश के परिपालन-कार्य में चिन्ता करने वाला था (एक आदर्श राष्ट्र के रूप में साम्राज्य के परिपालन-कार्य में चिन्तन मनन करता था । जो उसके सार्वभौमिक चरित्र को (सार्वभौमिक साम्राज्य) को प्रदर्शित करता है—

अथवा

जीते हुए अंग, कामरूप, काञ्ची, समृद्धशाली सौराष्ट्र रूपी गुणवान वनिताओं के द्वारा पूजित एवं उपास्यमान होता था जो उसके सार्वभौमिक चरित्र को प्रगट करता है ।

"नालीनालीकमेतन्न खलु समुदितो राजतो राजतोऽहं
पद्मापद्मासनाब्ज कथमनुहरतो मानवा मानवा ये ।
पृथ्व्याम् पृथ्व्यान्न मादृग्भवति हृतजगन्मानसे वा ।
भास्वान्भास्वान् विशेषं जनयति न हि मे वा सरो वासरो वा ।।[2]

अर्थात् (रजतकमल कहता है) — 'निश्चय ही मैं कमल हूं' यह मिथ्या नहीं है, किन्तु मैं वह कमल नहीं हूं जो सरोवर में विकसित होता हुआ शोभित हो रहा है अपितु मैं राजा द्वारा समर्पित किया गया शोभायमान रजतकमल हूं । हे मानवो ! लक्ष्मी और ब्रह्मा जी के कमल मेरी तुलना कैसे कर सकते है ? क्योंकि मेरी जैसी नवीनता उनमें नही है; वे तो बहुत पुराने हैं । दूसरी बात यह है कि मैं मानवी (मानवकृत) हूं किन्तु वे अमानवी (दैवी) हैं । इस

1. Gnoli, R., NIGC No. LXXXI, Ś. No. 16
2. Gnoli, R., NIGC No. LXXXI, Ś. No. 23

विस्तीर्ण फैली हुई पृथ्वी पर मेरे जैसा कमल न तो जगत् के किसी मनुष्य के हृदय में है, न ही किसी सरोवर में है। मुझ चमकते हुए दिव्य कमल में सूर्य अथवा दिन अथवा सरोवर ने ही कोई विशेष परिवर्तन या विकार उत्पन्न नहीं किया है अर्थात् सूर्य, दिन एवं सरोवर के बिना भी मैं सदैव देदीप्यमान (विकसित) रहता हूं।

गद्यकाव्य—

गद्य-काव्य की दृष्टि से नेपाली अभिलेखों का संस्कृत-गद्य साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान है। राजा शिवदेव प्रथम के अभिलेखों में अधिकतर उत्कलिकाप्राय गद्यशैली उपलब्ध होती है। जबकि राजा नरेन्द्रदेव तथा राजा जयदेव द्वितीय के अभिलेखों में उत्कलिकाप्राय तथा चूर्णक दोनों गद्य-शैलियों का मिश्रण प्राप्त होता है। सीमा निर्धारण अथवा राजाज्ञा-प्रसारण, भवन-जीर्णोद्धार आदि वर्ण्य-विषय को नेपाली अभिलेखों में असमस्ता गद्यशैली में वर्णित किया जाना मुक्तक गद्य शैली का परिचायक है। राजा जयदेव द्वितीय के 'नक्सल नारायण आजीविका शिलालेख' में आजीविका निर्धारण सम्बन्धी विषय की मुक्तक गद्यशैली में अभिव्यक्ति अत्यन्त प्रशंसनीय है—

'व्यवहारपरिनिष्ठितजातं द्रव्यस्य जपग्रपाञ्चालिकेन दातव्यम्। यस्तु द्रव्यं न प्रयच्छेत् स्वस्थानवास्तव्यस्यान्यस्थानीयस्य च धारणकस्यात्रैव रोधोऽपरोधो भवेत्।[1]

उत्कलिकाप्रायगद्यशैली—

नेपाली अभिलेखों में कम से कम १० अभिलेख ऐसे हैं जिनमें उदात्त चरित्र अथवा दार्शनिक विचारों को दीर्घ समासात्मक कोमलकान्त पदावली में चित्रित किया है। राजा नरेन्द्रदेव के कुमारामात्य प्रियजीवकृत "यैंगाहिटि लागनटोले त्र्यग्रहार शिलालेख'[2] में राजा के उदात्त चरित्र का वर्णन उत्कलिका प्राय शैली में है। जिस प्रकार महाकवि हरिषेण कृत 'इलाहाबाद समुद्रगुप्त प्रशस्ति स्तंभलेख' के आरम्भ में आठ तथा अन्त में एक श्लोक है इनके मध्य में एक ही वाक्य में समाप्त होने वाला एक दीर्घ गद्यांश है। उसी प्रकार राजा भीमार्जुनदेव के 'लागनटोलेकर दण्डमुक्ति शिलालेख[3] के आरम्भ में एक श्लोक है। तत्पश्चात् एक ही दीर्घकाय गद्यांश है जो एक ही वाक्य में

1. Gnoli, R.. NIGC No. LXXXIII, L. No. 30-37
2. Gnoli, R , NIGC No. LXVI, L. No. 1-2
3. Ibid, No. LXI, L. 3-26

समाप्त होता है। इस शिलालेख की गद्यशैली में लय एवं आनुप्रासिक संगीतात्मकता है। बाणभट्ट के गद्य की ही भाँति दीर्घ समासों के बीच-बीच में छोटे-छोटे वाक्यांश प्रयुक्त किए गए हैं जिसके कारण पाठक रुक-रुक कर अर्थ को हृदयङ्गम करने में समर्थ होता है। राजाओं के उदात्त चरित्र का हृदयस्पर्शी वर्णन अल्पसमस्ता चूर्णक गद्यशैली में उपलब्ध होता है।

शौर्य एवं वीरतापूर्ण भावों की अभिव्यक्ति परुष एवं सरस भावों की अभिव्यंजना में लघुसमस्ता कोमलकान्त पदावली का प्रयोग किया है राजा शिवदेव प्रथम के 'खोपासी कराज्ञा शि०' की निम्नलिखित पंक्तियों में राजा के शौर्यपूर्ण चरित्र के वर्णन में विषयानुकूल—भावानुकूल परुषवर्णबहुला ध्वन्यात्मक अल्पसमस्ता चूर्णक गद्यशैली का प्रयोग द्रष्टव्य है—

वो यथानेन स्वगुणमणिमयूखालोकध्वस्ताज्ञानतिमिरेण भगवद्भवपाद-पङ्कजप्रणामानुष्ठान तात्पर्य्योपात्तायतिहितश्रेयसा स्वभुजयुगबलोत्खाताखिल-वैरिवर्गेण श्रीमहासामन्तांशुवर्मणा मां विज्ञप्य मदनुज्ञातेन सता युष्माकं सर्व्वाधिकरणाप्रवेशेन प्रसादः कृतः।[1]

उपर्युक्त बातों से सिद्ध होता है कि नेपाली अभिलेखों का काव्यात्मक महत्व संस्कृत-साहित्य में देशकाल-वातावरण की विषम परिस्थितियों की दृष्टि से हरिषेण, वत्सभाई, बासुल आदि की कृतियों से अधिक प्रतीत होता है।

---

1. Gnoli, R., NIGG No. XXXI L. 5-7

छंगूनारायण स्तम्भ-लेख

यह अभिलेख श्री छंगूनारायण के मन्दिर में स्थित स्तम्भ के तीनों ओर उत्कीर्णित है।

संवत् ३८६ (३८६+७८+सन् ४६४ ई०)

I

१. संवत् ३०० ८० ६ ज्यैष्ठमासे शुक्लपक्षे प्रतिपदि
२. [रो] हिणीनक्षत्रयुक्ते, चन्द्रमसि मुहूर्ते प्रशस्तेऽभिजिति
३. [श्री] वत्साङ्कितदीप्तचारुविपु[ल] प्रोद्वृत्तवक्षस्थलः
४. [श्री] वक्ष :स्तनपद्मबाहु [विमल] सम्यक् प्रवृद्धोत्सवः।
५. [त्रै] लोक्यभ्रमयन्त्रवर्ति ⌣ ⌣ =व्यासङ्गनित्योऽव्ययः
६. [दो] लाद्रौ निवसञ्जयति-अनि [मि] षैरभ्यर्च्यमानो हरिः ।।१।।

---

१. अमरगुरुमपि प्रज्ञयोपहसद्भिरनेकक्रमागतैरसकृदालोचितनीतिशास्त्र-निर्म्मलमनोभिरलुब्धैः स्निग्धैः प्रबुद्धैश्चामात्यैः परिवृतः, समानवयो-विद्यालङ्कारैरनेकमूर्द्धाभिषिक्त-पार्थिवकुलोद्गतैरखिलकलाकलापालो-चन-कठोरमतिभिरतिप्रगल्भैः कालविद्भिः अर्थात् वह (शूद्रक) अनेक मन्त्रियों से, घिरा रहता था, जो अपनी प्रतिभा से बृहस्पति की भी खिल्ली सी उड़ाने वाले, वंश-परम्परा से अपने पदों पर स्थित और निरन्तर नीतिशास्त्र का मनन-चिन्तन करने से निर्मल-हृदय, निर्लोभी, हितचिन्तक तथा जागरूक थे। वह अनेक राजपूतों के साथ आमोद-प्रमोद में लगा रहता था, जो अवस्था, विद्या तथा आभूषणों में उसी के समान थे, विभिन्न श्रेष्ठ राजाओं के वंशों से उत्पन्न थे, अनेक कलाओं के मनन से परिपक्व बुद्धि तथा अत्यन्त प्रखर थे।

—कादम्बरीकथामुखम् पृ० १८ चौ० सं० सी० बा० १९७१

Inscription I.

PLATE III

१. चन्द्रमायुक्त रोहिणीनक्षत्रमय अभिजित नामक शुभ मुहूर्त में ज्येष्ठ-शुक्ल प्रतिपदा, संवत् ३८६ श्रीवत्स नामक शुभ चिह्न उसके चारु, तेजपूर्ण, विशाल एवं उन्नत वक्षस्थल पर अङ्कित है। उसके वक्षस्थल, हृदय एवं कर-कमल निर्मल हैं। विलास (आमोद-प्रमोद) में लक्ष्मी को सम्यक् रूप से अति प्रसन्न करने वाला है। मनोविनोद के लिए जो त्रिभुवन रूपी यन्त्र को गतिमान रखते हैं, जो निर्लिप्त शाश्वत एवं पूर्ण हरि दोलाद्रि (धौलागिरि) नामक स्थान पर निवास करते हुए देवगणों के द्वारा निर्निमेष अर्चित होते हैं, उन हरि की जय हो।

७. = =त्सा ‿ ‿ यप्रतापविभ [वैर्व्वर्भा] यामसंक्षेपकृत्
८. राजाभूद् वृषदेव इत्य [नुपमः स] त्यप्रतिज्ञोदयः।
९. यो रेजे) सवितेव दीप्तकिर[णैः] सम्यग्वृ[तः] स्वैः सुतैः
१०. विद्वद्भिर्ब्बहुगर्व्वितैरच [पलैः] = =विनीतात्मभिः ॥२॥

अपने कार्यों द्वारा वचन का पालन करने वाले अद्वितीय राजा वृषदेव थे जिन्होंने अपने वैभव एवं सम्पत्ति द्वारा दुःखों का निवारण किया। जिस प्रकार सूर्य अपनी दीप्त किरणों के द्वारा संसार में शासन करता है उसी प्रकार राजा वृषदेव अपने व्यवहारकुशल, विद्वान्, स्वाभिमानी, यशस्वी एवं विनीतात्मा पुत्रों की सहायता से शासन करता था।

११. [त] स्याभूत् तन (ए) यः समृद्ध [विष]यः संख्येष्वजेयोऽरिभिः
१२. [भूपः] शङ्करदेव इत्यय ‿ = =तिप्रदः सत्यधीः।
१३. =याविक्रमदानमानवि [भवै]र्ल्लब्ध्वा यशः पुष्कलम्
१४. = = = ‿ ररक्ष गामभि]मतैर्भृ]त्यै[र्म्मृ गे]न्द्रोपमः ॥३॥

३. उनके (वृषदेव) पुत्र राजा शङ्करदेव हुए जो समृद्धशाली राज्य के स्वामी थे, युद्धों में शत्रुओं के द्वारा अजेय थे। वह शान्तिप्रद, एवं सत्यबुद्धि वाला था। अपनी वीरता, दान, सम्मान एवं वैभव के द्वारा विपुल कीर्ति को प्राप्त करके उसने मृगराज के समान अपने अभीष्ट सेवकों (सेना, अनुचरादि) के द्वारा पृथ्वी (राज्य) की रक्षा की।

१५. [तस्या] पि उत्तमधर्म्मकर्म्मय ‿ = = ‿ विद् धार्म्मिकः
१६. [ध]र्म्मा [त्मा] विनयेप्सुरुत्त [मगुणः श्री ध] र्म्मदेवो नृपः।
१७. [ध] र्म्मेणैव कुलक्रमागत ‿ = = = ‿राज्यं महत्
१८. स्[फी]तीकृत्य नयेर्न्नृ र्पाषचरि [तैः सं] भाव्य चेतो नृणाम् ॥४॥

४. उसके भी उत्तम धर्म-कर्म सम्बन्धी श्रेष्ठ शास्त्रों के ज्ञाता धार्मिक, धर्मात्मा, विनयशील एवं उत्तम गुण सम्पन्न राजा श्री धर्मदेव थे। कुलक्रमागत रूप से चले आने वाले विशाल राज्य को धर्म के अनुसार ही प्राप्त कर अपने राजर्षि चरित एवं व्यवहार के द्वारा उसका विस्तार किया तथा लोगों के हृदय में संभावित आदर-सम्मान प्राप्त किया।

१९. [रे] जे स शुभिः सुरानु ⏑ ⏑ = = : सम्पन्नमन्त्रर्द्धिभिः
२०. = भावा ⏑ विशुद्धदेहहृदयश्चन्द्रद्युतिः पार्त्थिवः।
२१. [प] त्नी तस्य विशुद्धवंशविभवा[1] श्री राज्यवत्युत्तमा
२२. [प्रा] णा [नाम] भवत् [प्रिया] कुलगु[णै]र्ल्लक्ष्मीरिव[ा]ग्रचा हरेः ।।५।।

५. मन्त्रों, ऋद्धियों, सिद्धियों से सम्पन्न राजा के यशरूपी सूर्य की किरणें सुरलोक तक प्रकाशित होती थीं। वह धवल चन्द्र किरणों के समान विशुद्ध एवं निर्मल शरीर तथा हृदय वाला राजा था। उसकी पत्नी श्री राज्यवती उत्तम एवं विशुद्ध वंश से उत्पन्न थी। प्राणों से भी अधिक प्रिय थी। कुल गुणों में (कुलीन गुणों में अथवा कुलक्रमागत गुणों में अथवा गुणपुञ्ज में) हरि के आगे चलने वाली लक्ष्मी के समान थी।

२३. = = = ⏑ रतेर्य्यशोऽशुभिरिदं [ो]याभास्य कृत्स्नञ्जगत्
२४. याति स्म त्रिदिवालयं नरपतावुद्यानयात्रामिव
२५. प्रम्लाना ज्वरविह्वला कुलज = = नेकमन्दा तदा
२७. देवाहारविधिक्रियास्वभिरता तद्विप्रयोगात् पुरा ।।६।।

६. अपनी यश रूपी किरणों से सम्पूर्ण जगत् को प्रकाशित करने वाली रानी पति के दिवंगत होने पर, मानो जैसे नरपति की उद्यान-यात्रा में जाती थी, वैसे ही वह भी देवलोक को चली जाएगी। पति के दिवंगत होने के कारण अत्यन्त मलिन, विरहरूपी ज्वर से विह्वल, उच्चकुलोत्पन्न रानी अनेक दुखों से सन्तप्त होकर उदास हो गई। अग्निदेव की आहार विधि-क्रिया में अभिरत होती हुई पति के वियोग से पहले ही वह स्वर्ग चली जाएगी अर्थात् स्वर्ग में पति के पहुंचने से पूर्व ही चली जाएगी।

---

१. उपनागरिका वृत्त्यनुप्रास

II

१. देवी राज्यवती तु तस्य नृपतेर्भार्य्याभिधाना सती
२. श्रीरेवानुगता भविष्यति तदा लोकान्तरासङ्गिनी ।[1]
३. यस्यां जात इहानवद्यचरितः श्रीमानदेवो नृपः
४. कान्त्या शारदचन्द्रमा इव जगत् प्रह्लादयन् सर्व्वदा ॥७॥

७. उस राजा की देवी राज्यवती नामक सती भार्या थी । वह लक्ष्मी के समान अनुगामिनी तथा लोकान्तर में पति की सङ्गिनी होगी । उससे उत्पन्न इस संसार में अनिन्दनीय चरित्रवाले श्रीमानदेव राजा थे जो मानो शारदीय चन्द्रमा की कान्ति के समान निर्मल चरित्र के द्वारा सदैव संसार को आह्लादित करते थे ।

५. प्रत्यागत्य सगद्गदाक्षरमिदं दीर्घं विनिश्वस्य च
६. प्रेम्णा पुत्रमुवाच साश्रुवदना यातः पिता ते दिवम् ।
७. हा पुत्रास्तमिते तवाद्य पितरि प्राणैर्वृथा किं मम
८. राज्यम् पुत्रक कारयाहमनुयाम्यद्यैव भर्त्तुर्गतिम् ॥८॥

८. दीर्घ श्वास छोड़ते हुए, गद्गद होकर पुत्र के पास लौटकर पुत्र को प्रेमपूर्वक अश्रुवदना रानी ने यह वचन कहा—

"तेरे पिता स्वर्गवासी हैं । हे पुत्र ! आज तुम्हारे पिता के विना मेरे प्राण व्यर्थ हैं अर्थात् जीवित रहना व्यर्थ है । अब मेरा क्या है ? हे पुत्र ! तुम राज्य करो, मैं आज ही पति के मार्ग का अनुसरण करूँगी ।"

९. किं मे भोगविधानविस्तरकृतैराशामयैर्बन्धनैः
१०. मायास्वप्ननिभे समागमविधौ भर्त्रा विना जीवितुम् ।
११. यामीत्येवमवस्थिता खलु तदा दीनात्मना सूनुना
१२. पादौ भक्तिवशान्निपीड्य शिरसा विज्ञापिता यत्नतः ॥९॥

९. अब आशारूपी बन्धनों के द्वारा आबद्ध इस विस्तृत भोग-विधान से मुझे क्या प्रयोजन है ? (अर्थात् अनन्त आशाओं के बन्धनों से युक्त सांसारिक भोगों से मेरा अब कोई प्रयोजन नहीं है) मायावी स्वप्नों के समान बने हुए सांसारिक समागम (आसक्ति) आदि की विधि में भर्त्ता के बिना मेरे जीवित रहने से क्या ? इसलिए मैं (पति के मार्ग का अनुसरण करती हुई) स्वर्ग जाती हूं, इस प्रकार कहकर स्थित हो गई, तब निश्चय ही दीनात्मा वाले पुत्र ने मातृभक्ति के वश होकर चरणों में शिर पटककर यत्नपूर्वक कहा—

---

१. परिकर अलंकार

१३. किं भोगैर्म्मम किं हि जीवितसुखैस्त्वद्विप्रयोगे सति
१४. प्राणान् पूर्व्वमहञ्जहामि परतस्त्वं यास्यसीतो दिवम् ।
१५. इत्येवम् मुखपङ्कजान्तरगतैर्न्नेत्राम्बुमिश्रैर्दृढं
१६. वाक्पाशैर्व्विहगीव पाशवशगा बद्धा ततस्तस्थुषी[1] ॥१०॥

१०. "तुम से वियुक्त होने पर मुझे सांसारिक भोगों से क्या ? सुखों के द्वारा मुझे जीवित रहने से क्या ? मैं अपने प्राणों का अन्त कर दूँगा । आपके स्वर्ग में जाने से पूर्व ही मैं चला जाऊंगा ।" नेत्र-जल के मिश्रित होने से गीली हो जाने के कारण पुत्र के मुख-पंकज से निस्सृत वाणी रूपी अत्यन्त दृढ़ पाश से मानो रानी विहगी के समान वशीभूत एवं आबद्ध होकर खड़ी की खड़ी रह गई ।

१७. सत्पुत्रेण सहौर्द्ध्वदेहिकविधिं भर्त्तुः प्रकृत्यात्मना
१८. शीलत्यागदमोपवासनियमैरेकान्तशुद्धाशया ।
१९. [वि]प्रेभ्योऽपि च सर्व्वदा प्रददती तत्पुण्यवृद्ध्यै धनं
२०. तस्थौ तद्धृदया सती व्रतविधौ साक्षादिवारुन्धती ॥११॥

११. सुपुत्र के साथ शील, त्याग, दम (इन्द्रियों पर नियन्त्रण) उपवासादि नियमों के द्वारा एकान्त शुद्ध विचार युक्त रानी ने स्वयं राजा की प्राकृतिफ ऊर्ध्व दैहिक विधि (दाह संस्कार क्रिया) को पूर्ण किया । पति की पुण्य-वृद्धि के लिए ब्राह्मणों को सम्पूर्ण धन दान में दे दिया । सतीव्रत-विधान में स्थिर रहकर वह अपने हृदय में उसी (पति) का ध्यान करती थी । मानो वह साक्षात् अरुन्धती थी ।

२१. [2]पुत्रोऽप्यूर्ज्जितसत्त्वविक्रमधृतिः क्षान्तः प्रजावत्सलः
२२. कर्त्ता नैव विकत्थनः स्मितकथः पूर्व्वाभिभाषी सदा ।
२३. तेजस्वी न च गर्व्वितो न च परां लोकज्ञतान्नाश्रितः
२४. दीनानाथसुहृत् प्रियातिथिजनः प्रत्यर्थिनो माननुत् ॥१२॥

---

1. A very large number of 'Praśastis' go to prove that in the fourth and sixth centuries, the Kāvya Literature was in its full bloom and that the kāvyas did not at all differ from those handed down to us."
   —*A Literary study of Bāṇa Bhaṭṭa*, p. 8 Dr. N. Sharma
२. उल्लेखालङ्कार

१२. उसका पुत्र भी उदात्त चरित्र (सात्त्विक व्यवहार वाला), पराक्रमी, धैर्यवान्, क्षमाशील एवं प्रजापालक है। अनात्मश्लाघी (अपनी प्रशंसा स्वयं न करने वाला), मितभाषी (हंसमुख अथवा कम बोलने वाला), दूसरे की अपेक्षा स्वयं दूसरों से पहले ही बोलने वाला अथवा दूरदर्शी है। वह तेजस्वी है किन्तु अहंकारी नहीं है और न ही परलोक का ज्ञाता है (अर्थात् मिथ्या ज्ञान वाला नहीं है) और न ही उन पर आश्रित है अथवा लौकिक ज्ञान वालों के आश्रित नहीं है), मित्रों का प्रिय है, अतिथियों का भक्त है, प्रार्थियों (याचकों) की इच्छाओं (प्रार्थनाओं) को पूर्ण एवं शान्त करने वाला है।

III

१. [1]अस्त्रापास्तविधानकौशलगुणैः प्रज्ञातसत्पौरुषः
२. श्रीमच्चारुभुजः प्रमृष्टकनकश्लक्ष्णावदातच्छविः।
३. पीनांसो विकचासितोत्पलदलप्रस्पर्द्धमानेक्षणः
४. [2]साक्षात् काम इवाङ्गवान् नरपतिः कान्ताविलासोत्सवः ॥१३॥

१३. रण में अस्त्रों को शान्त करने वाले विधान-कौशल गुणों के द्वारा जो ज्ञात सत्पौरुष (सात्त्विक धीरता) से युक्त है ऐसे श्रीमान् सुन्दर भुजाओं वाले शुद्ध करके चमकाए हुए स्वर्ण के समान उत्कृष्ट एवं लावण्ययुक्त छवि से युक्त हैं, पुष्ट कन्धों वाले हैं, अर्धविकसित नीलकमल-दल से स्पर्धा करने वाले नेत्र वाले हैं, जो साक्षात् कामदेव के समान सुन्दर अंगों वाला है, जो स्त्री को विलास में उत्सव के समान आनन्द देने वाला है।

५. यूपैश्चारुभिरुच्छ्रितैर्व्वसुमती पित्रा ममालङ्कृता
६. क्षात्त्रेणाजिमखाश्रयेण विधिना दीक्षाश्रितोऽहं स्थितः।
७. यात्रां प्रत्यरिसंक्षयाय तरसा गच्छामि पूर्व्वां दिशं
८. ये चाज्ञावशवर्त्तिनो मम नृपाः संस्थापयिष्यामि तान् ॥१४॥

१४. यह पृथ्वी यूपों (विजयस्तम्भों) से मेरे पिता के द्वारा अलङ्कृत की गई। निरन्तर यज्ञ के आश्रय से धर्म के द्वारा विधिपूर्वक मैं दीक्षा के आश्रित होकर सिंहासन पर स्थित हुआ हूं। शत्रुओं के विनाश के लिए शीघ्र

---

१. उल्लेखालङ्कार
२. उत्प्रेक्षालङ्कार

ही पूर्व दिशा में यात्रा को जाता हूं। जो जो राजागण मेरी आज्ञा के वशीभूत हैं उनको पुनः स्थापित करूँगा।

९. इत्येवञ्जननीमपेतकलुषां राजा प्रणम्योचिवान्
१०. नाम्बानृण्यमहन्तपोभिरमलैः शक्नोमि यातुं पितुः।
११. किं त्वाप्तेन यथावदस्त्रविधिना तत्पादसंसेवया
१२. यास्यामीति ततोऽभ्ययातिमुदया दत्ताभ्यनुज्ञो नृपः ॥१५॥

१५. इस प्रकार अपनी निष्पाप माता को प्रणाम करते हुए कहा—'हे माँ, मैं तुम्हारे विना पवित्र 'तपों के द्वारा भी पिता की बराबरी नहीं कर सकता। पिता के चरणों की सेवा के द्वारा यथावत् विधि से अस्त्र-विद्या को मैंने प्राप्त किया है, अतः मैं कुछ दिनों के लिए अवश्य प्रस्थान करूँगा। तत्पश्चात् माता ने अतिप्रसन्नता पूर्वक राजा को आज्ञा प्रदान की।

१३. प्रायात् पूर्व्वपथेन तत्र च शठा ये पूर्व्वदेशाश्रयाः
१४. सामन्ताः प्रणिपातबन्धुरशिरःप्रभ्रष्टमौलिस्रजः।
१५. नानाज्ञावशवर्त्तिनो नरपतिः संस्थाप्य तस्मात् पुनः
१६. निर्भीः सिंह इवाकुलोत्कटसटः पश्चाद्भुवञ्जगिमवान् ॥१६॥

१६. पूर्वपथ से वहाँ प्रस्थान किया और पूर्वदेश में आश्रित जो शठ सामन्त (विद्रोही सामन्त) थे उनके नमस्कार (प्रणाम) करने से जिनके शिर के मुकुटों की मालाएं गिर गई थीं, अपनी आज्ञा के वशवर्ती उन राजाओं को पुनः संस्थापित किया। तत्पश्चात् अपनी अयालों से व्याकुल निर्भीक सिंह के समान राजा ने पश्चिमी भुवन (दिशा या देशों) की ओर प्रस्थान किया।

१७. सामन्तस्य च तत्र दुष्टचरितं श्रुत्वा शिरः कम्पयन्
१८. बाहुं हस्तिकरोपमं स शनकैः स्पृष्ट्वाब्रवीद् गर्व्वितम्।
१९. आहूतो यदि नैति विक्रमवशादेष्यत्यसौ मे वशं
२०. किं वाक्यैर्ब्बहुभिर्वृथात्र गदितैः संक्षेपतः कथ्यते ॥१७॥

१७. वहाँ सामन्त के दुष्ट चरित्र को सुनकर अपने शिर को झटककर, हाथी की सूंड के समान अपनी भुजा को स्पर्श करते हुए उस गर्वित राजा ने इस प्रकार कहा—"यदि वह मेरे बुलाने पर नहीं आता है तो निश्चय ही वह मेरे पराक्रम के वशीभूत होकर आयेगा। यहाँ अधिक बात करना व्यर्थ है, मैंने संक्षेप में कह दिया है।

२१. अद्यैव प्रियमातुलोरुविषमक्षोभार्णवस्पर्द्धिनीम्
२२. भीमावर्त्ततरङ्गचञ्चलजलां त्वं गण्डकीमुत्तर ।
२३. सन्नद्धैर्व्वरवाजिकुञ्जरशतैरन्वेमि तीर्त्वा नदीं
२४. त्वत्सेनामिति निश्चयान्नरपतिस्तीर्ण्णप्रतिज्ञस्तदा ॥१८॥

१८. हे प्रिय मातुल ! आज ही इस विशाल, कठिन क्षोभार्णव की स्पर्धा करने वाली भयानक भंवरों एवं महातरंगों से तरङ्गायित चञ्चल जलवाली गण्डक नदी को पार करो । सन्नद्ध (तैयार) अश्वों एवं सैंकड़ों हाथियों के द्वारा नदी को पार करके मैं तुम्हारी सेना के पीछे आता हूं । इस प्रकार राज ने अपनी निश्चित की हुई प्रतिज्ञा का पालन किया ।

२५. जित्वा मल्लपुरीं ततस्तु शनकैरभ्याजगाम स्वकं
२६. देशं प्रीतमनास्तदा खलु...प्रादाद्द्विजेभ्योऽक्षयम् ।
२७. राज्ञी राज्यवती च साधुमतिना प्रोक्तां दृढं सूनु[ना]
२८. भक्त्याम्ब त्वमपि प्रसन्नहृदया दानं प्रयच्छस्व त[त्] ॥१९॥

१९. मल्लपुरी को जीतकर तत्पश्चात् क्षणभर में ही अपने देश में पहुंच गया । तब प्रेमपूर्वक मन से ब्राह्मणों को अक्षय धन दान में दिया और साधुमति पुत्र ने दृढ़तापूर्वक रानी राज्यवती से कहा, "हे माता तुम भी भक्तिपूर्वक प्रसन्न हृदय से दान दो ।

II

भूमिदानाभिलेख

यह अभिलेख छंगूनारायण मन्दिर के स्तम्भ के मूलाधार पर उत्कीर्णत पाया गया है। पूर्ववर्ती अभिलेखों की लिपि की अपेक्षा इसकी लिपि आंशिक रूप से नवीन प्रतीत होती है। यह अभिलेख किसी भूमि-भाग की स्वीकृति के सम्बन्ध में है।

१. — — — — — — — — ष —
२. — — — — — — — भट्टारक—
३. — — — — — — — — मानि ५०४
४. — दो — न मानि २०

III

विष्णुविक्रान्तमूर्ति अभिलेख

सम्वत् ३८९ (+७८=४६७ ई०)

यह अभिलेख भगवान् विष्णु की विक्रान्त मूर्ति के अधोभाग में उत्कीर्णित है जो पशुपति मन्दिर के निकट तिलङ्ग और वाग्मति नदियों के सङ्गम पर स्थित है।

१. मातुः श्रीराज्यवत्या हितकृतमनसः सर्व्वदा पुण्यवृद्ध्यै राजा[1] श्रीमान-
देवः शुभविमलमतिः पात्रदानाम्बुवर्षी।[2]

२. लक्ष्मीवत् कारयित्वा भवनमिह शुभं स्थापयामास सम्यक्
विष्णुं विक्रान्तमूर्ति सुरमुनिमहितं सर्व्वलोकैकनाथम्॥

१ए. संवत् ३०० ८०९

२ब. वैशाखशुक्लदिव २

सदैव पुण्यवृद्धि के लिये याचकों के पात्रों में दानरूपी जल की वर्षा करने वाले अथवा योग्य व्यक्तियों पर दान रूपी जल की वर्षा करने वाले, अपनी माता राज्यवती के प्रति कल्याणकारी मन वाले, शुभ एवं विमल बुद्धिमान् तथा लक्ष्मीवान् राजा श्रीमानदेव ने इस भवन को बनवाकर उसमें सम्पूर्ण देवों एवं मुनियों से श्रेष्ठ एवं सकल भुवन के एकमात्र स्वामी विष्णु की शुभ विक्रान्त मूर्ति को सम्यक् रूप से स्थापित किया। वैशाख शुक्ल द्वितीया सम्वत् ३८९।

---

१. Levi (I) संवत् ३००८०७ मातुः श्री राज्यवत्या ⏑ ⏑ ⏑ ⏑ ⏑
नदेः सर्व्वदा पुण्यवृद्ध्यै राजा श्रीमानदेवश् शुभविमलमतिः (म्भा ⏑
– – (।) पातुदि ताम्बवाभुः

२. – – – दा ⏑ यित्वा नुतृहम् इह घ – स्था ⏑ याम् आस
सम्यक् विष्णुं विक्रान्तमूर्त्ति सुरमुनिमहितं सत्वलोकैकनाथम्॥
वैशाखशुक्ल – – –॥

१. शार्दूलविक्रीडित

२. परिणाम अलङ्कार, अत्युक्ति अलंकार

IV

शिवलिङ्गस्थापना शिलालेख

सम्वत् ३८८ (३८८+७८=४६६ ई०)

लाजनपाट में शिवलिङ्ग के अधोभाग में उत्कीर्णित पाया गया है। उत्कीर्णित भाग लगभग १०३ सै० मी० चौड़ा है। समय संवत् ३८८ (३८८+७८=४६६ ई०) है। अभिलेख वसन्ततिलका छन्द में है।

१. [1]**सौर्य्येण नीतिसहितेन विजित्य सम्यक् च**[2]
= ⏑ = ⏑ ⏑ ⏑ = ⏑ ⏑ = ⏑ = =।

२. **तस्याज्ञया शुभमतेश्शुभवृद्धिलिङ्गम्**
= . य. न भक्तिमहता नरवर्म्मनाम्ना॥
प्रसादस्य – नुरूप – ह प्र — — — — — — — — — —

१. ए. **संवत् ३०० ८० ८**

२. ए. **ज्येष्ठमासे शुक्लदिव १०, ४**

"अपने शौर्य एवं नीति के सहयोग से शत्रुओं को अच्छी प्रकार जीत कर और — — — — — उसकी आज्ञा से शुभ बुद्धि की शुभ वृद्धि के लिये बड़े भक्ति भाव से नरवर्म्मा नामक व्यक्ति ने राजा की कृपा (आज्ञा) के अनुसार शिवलिङ्ग की स्थापना की। संवत् ३८८ ज्येष्ठमास शुक्ल दिव चतुर्दशी।

---

१. साहस और सद्व्यवहार और अनवद्य व्यवहार से वह गुणशील कार्यों में व्यस्त हो गया और सफलतापूर्वक शासन करता रहा। उसकी अनुमति से एक नरवर्म्मा नामक भृत्य ने बड़े भक्तिभाव से एक उपयुक्त सुन्दर मन्दिर का निर्माण किया और इसमें संवत् ३८८ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शङ्कर की मूर्ति-स्थापना का उद्घाटन समारोह किया।

—Regmi D. R. *Inscription of ancient Nepal, page 5*
Abhinav Publication New Delhi 1983

२. वसन्ततिलका

V

इन्दलदेवी शिलालेख

सम्वत् ३९९ (+७८=४७७ ०ई)

यह अभिलेख कठमण्डू के विशालनगर में इन्दलदेवी के मन्दिर में एक मूर्ति के अधोभाग में उत्कीर्णित है।

१. **संवत् ३०० ९ ० ९ ज्येष्ठमासे शुक्लदिव २ ॥**

अर्थ—सम्वत् ३९९ ज्येष्ठमास शुक्ल द्वितीया।

पशुपतिरत्नेश्वरस्थापना-दानक्षेत्र-अभिलेख

यह अभिलेख पशुपति-मन्दिर के निकट देवपाटन में पाटातोले (पाटाटोले) के समीप शिवलिङ्ग के अधोभाग में उत्कीर्णित पाया गया है। समय—संवत् ३९९ (३९९+७८=सन् ४७७ ई०) है।

१. महेन्द्रसमवीर्य्यस्य कन्दर्प्पसदृशद्युतेः।
राज्ञः श्रीमानदेवस्य सम्य[क् पा]लयतः प्रजाः॥

२. तत्पादभक्त्या विधिवद् रत्नसंघेन सर्व्वदा।
रत्नेश्वरः प्रयत्नेन स्थापितोऽयं सुरोत्तमः॥

३. भगवते रत्नेश्वराय रत्नसंघेन दत्तं क्षेत्रं यथा
दुंलङ्ग्रामप्रदेशे पञ्चानां शतानां भूमिः ५०० खैपुङ्ग्रामप्रदेशे षण्णां शतानां भूमिः ६०० दुंप्रङ्ग्रामप्रदेशे शतस्य भूमिः १०० ह्मस्प्रिङ्ग्राम-प्रदेशे द्व्यर्द्धस्य शतस्य भूमिः २००५०

४. विलिविक्षप्रदेशेऽर्धतृतीयस्य भूमिः ३०० ५० वाग्वतीपारप्रदेशे शत-द्वयस्य भूमिः २०० वेम्मायामशीत्युत्तरस्य शतस्य भूमिः १०० ८० खैनष्पुप्रदेशे नवत्या भूमिः ९०

५. — — — प्रदेशे — — — — — — — — — — — —
भूमिः १०० -

१अ. संवत् ३०० ९० ९

२अ. आषाढमासे

२अ. शुक्लदिव

राजा इन्द्र के समान पराक्रमी, कामदेव के समान लावण्ययुक्त राजा मानदेव सम्यक् रूप से अपनी प्रजा का पालन करते थे। रत्नसङ्घ ने सदैव उस (राजा) के चरणों की कृपा से विधिपूर्वक एवं प्रयत्नपूर्वक इस रत्नेश्वर नामक सुरोत्तम की स्थापना की। रत्नसङ्घ ने भगवान रत्नेश्वर के लिये क्षेत्र दान दिया जैसे कि दुंलङ्ग्राम प्रदेश में ५०० भूमि, खैपुङ्ग्राम प्रदेश में ६०० भूमि दुंप्रङ्ग्राम प्रदेश में १०० भूमि, ह्मस्प्रिङ्ग्राम प्रदेश में २५० भूमि, बिलिविक्ष प्रदेश में ३५० भूमि, वाग्वतीपार प्रदेश में २०० भूमि, वेम्मा में १८० भूमि, खैनष्पु प्रदेश में ९० भूमि — — — प्रदेश में —
भूमि १०० आषाढ़ मास शुक्ल दिव संवत् ३९९

VII

भगवान इन्द्रशिलालेख

संवत् ४०२ (सन् ४८०)

यह अभिलेख लगभग ६० सै. मी. चौड़ा है। यह शिलालेख भूमि में नीचे गढ़ा हुआ है जिसके कारण यह पूर्ण रूप से नहीं पढ़ा गया है।

संवत् ४०२ (४०२+७८=४८० ई०)

१. [संव]त् ४०२ राज्ञः श्रीमानदेवस्य सम्यक् पालयतो महीम्।
आषाढशुक्लस्य तिथौ पञ्चदश्यां शुभार्थिना ॥
२. वणिजां सार्थवाहेन गुहमित्रेण भक्तितः।
संस्थापितोऽत्र भगवान् इन्द्रो नाम दिवाकरः ॥
क्षेत्रं यथा गुम्पढ्शुंप्रदेशे
३. शतस्य भूमिः पिण्डकमानि च।

बहाल स्थित भगवान् इन्द्र संवत् ४०२ में राजा मानदेव पृथ्वी का ठीक प्रकार से पालन कर रहे हैं। आषाढ़ शुक्ल पञ्चदशी (पूर्णमासी) के दिन अपने वाणिज्य में शुभ की इच्छा से गुहमित्र सार्थवाह ने भक्तिपूर्वक दिवाकर नाम से भगवान् इन्द्र की यहाँ स्थापना की।

गुम्पढ्शुं प्रदेश में जैसा कि क्षेत्र है—१०० भूमिपिण्डकमानि।

VIII

पशुपति जयेश्वरलिङ्गस्थापना-अभिलेख

संवत् ४१३ (सन् ४६१ ई०)

यह अभिलेख पशुपति-मन्दिर के उत्तरी द्वार के सम्मुख स्थित शिवलिङ्ग के अधोभाग में उत्कीर्णित है।

१. ओ३म् संवत् ४०० १०३ श्रीमानदेवनृपते[1]श्चरणप्रसादात्
भक्त्या विशुद्धमतिना जयवर्म्मनाम्ना।
लिङ्गं जयेश्वरमिति प्रथितं नृलोके
२. संस्थापितं सनृपतेर्ज्जगतो हिताय।।
भगवतोऽस्य लिङ्गस्य कारणपूजाय[2]—स— — — —यस्य पुण्या-
प्यायनार्थं दत्तं अक्षय [नीवी]
३. — — — — — — — क्र — — ज्येष्ठशुक्ल — — —[3]

ॐ संवत् ४१३ राजा श्री मानदेव की चरण कृपा से भक्ति पूर्वक शुद्ध मति के द्वारा जयवर्मा ने इस विस्तृत नरलोक (भूलोक) में जयेश्वर नाम से विख्यात लिङ्ग को राजा और जगत् के हित के लिये स्थापित किया।

इस भगवान लिङ्ग की कर्ण-पूजा (कारण पूजा) के लिये और अपनी पुण्यप्राप्ति के लिये अक्षय नीवि को प्रदान किया। — — — — — — — क्र — — ज्येष्ठ शुक्ल — — — —।

---

१. वसन्ततिलका छन्द

२. ह्वूलर पढ़ते हैं—कारणपूजा[यै]— — — — —तायस्व— — —येनात्थं।।

३. ह्वू० I तृतीय पंक्ति को नहीं पढ़ते हैं।

IX

छंगूनारायण पितृमूर्ति स्थापना शिलालेख

संवत् ४२७ (सन् ५०५ ई०)

यह अभिलेख छंगूनारायण-मन्दिर के प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर अधा-भाग में उत्कीर्णित है।

१. संवत् ४०० २०७ कार्त्तिकशुक्लदिव १०, ३ दातर्य्यतीव विदुषि प्रथितप्रभावे श्रीमानदेवनृपतौ जगतीं भुनक्ति।

२. तस्यैव शुद्धयशसश्चरणप्रसादात् पित्रोः कृताकृतिरियं निरपेक्ष-नाम्ना ।।
कृत्वा च तां विधिवदत्र यदस्ति पुण्यम्

३. पुण्येन तेन पितृदैवतभागिनो मे।
पित्रोः प्रवासगतयोर्ध्रुवमस्तु योगः
अन्यत्र जन्मनि विशुद्धवतीति कृत्वा ।।

संवत् ४२७ कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी के दिन दाताओं में अत्यन्त विद्वान, प्रसिद्ध प्रभाव वाले श्रीमानदेव महाराज के पृथ्वी का भोग करते हुए उसके ही यश और चरण-कीर्ति-कृपा से पिता की आकृति के समान इस पुण्यमयी मूर्ति को बिना किसी नाम के बनाकर उसे विधिवत् स्थापित किया और उसके पुण्य से मैं पितृभक्ति का भागी हुआ। यह (मूर्ति) दूसरे जन्मों में भी मेरे पितृभक्त जीवन को ऐसा ही विशुद्ध बनायेगी। इस समय पिता के ठीक स्वर्ग-प्रस्थान का योग है।

X

देवपाटन शिवलिङ्ग अभिलेख

यह अभिलेख देवपाटन में पशुपति-मन्दिर के निकट एक घर में शिव-लिङ्ग की चौकोर आधारशिला के ऊपर उत्कीर्णित है। संवत् अभिलेख में अपठनीय है।

१. **संवत् — —४— माघशुक्लपक्षदिव १०३ श्रीमानदेवनृपतेश्चरण-प्रसादात् = = ⏑ = रु ⏑ = लर रत्नसंघः।**

२. **= = ⏑ = ⏑ ⏑ ⏑ नः प्रभुसंघनाम्नः लिङ्गाश्रिताकृति-रियं जगतो हितार्थे प्रभुकेश्वरस्य क्षेत्राभिलेख्यं यथा प्रंप्रिप्रदेशे — — — — — —**

३. **— — —[प्र]देशे [प]ञ्चाश [तो भूमि ५०] पिण्डकम् मानिकाः २०२ मैंशिप्रदेशे चत्वारिंशतो भूमि ४० पिण्डकं मानिकाः २० वोत-वोरुषो प्रदेशे षष्टेर्भूमि [६०] — — —**

४. **— — —प्रदेशे त्रिंशतो भूमि ३० पिण्डकं मानिकाः १०८ सीता-टीजोल्प्रि प्रदेशे चत्वारिंशतो भूमि ४० पिण्डकं मानिका २० प्रयिट्टिर-वाप्रदेशे त्रिंशत्तरस्य—त—**

५. **पिण्डकं मानि ७० २**

संवत् (४.३)४ माघ शुक्ल त्रयोदशी के दिन, श्रीमानदेव राजा के चरणों की कृपा से रत्नसङ्घ ने— — —प्रभुसङ्घ नामक लिङ्ग के आश्रय से यह मूर्ति (कृति) जगत् हितार्थ स्थापित की। जैसे प्रंप्रि प्रदेश में प्रभुकेश्वर के क्षेत्राभिलेख को ५० भूमि, २०२ पिण्डकमानिक, मैंशि प्रदेश में ४० भूमि, २० पिण्डमानिक, वोतवोरुषो प्रदेश में ६० भूमि — — — — — — प्रदेश में ३० भूमि १८ पिण्डक मानिक, सीताटीजोल्प्रि प्रदेश में ४० भूमि २० पिण्डक मानिक, प्रयिट्टिरवा प्रदेश में १३० (भूमि) ७२ पिण्ड मानि।

XI

हरिगाँव-द्वैपायन-स्तोत्राभिलेख

यह अभिलेख हरिगाँव नामक गाँव के पूर्व में लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। शिला का लगभग २८ सें० मी० चौड़ा भाग अभिलिखित है। यह अभिलेख शैली की दृष्टि से राजा मानदेव अथवा राजा वसन्तदेव कालीन प्रतीत होता है। महाकवि अनुपरमकृत ये ३४ श्लोक अत्यन्त हृदय-स्पर्शी, दार्शनिक एवं साहित्यिक हैं। श्लोक १-६ तक श्लोक छन्द, ११-२० तक उपजाति, २१वाँ श्लोक रुचिरा, २२-२३, तक श्लोक शिखरिणी, २४-२५ श्लोक प्रहर्षिणी, २६वाँ श्लोक मञ्जुभाषिणी, २७-२८ श्लोक तथा ३२-३४ श्लोक मालिनी, २९-३० श्लोक स्रग्धरा एवं ३१वाँ श्लोक रुचिरा छन्दों में लिखे गये हैं।

१. — — — — — — — — — — —ष यतात्मने।
२. — — — — — — — — — — —धियैष ते नमः ॥१॥
३. — — — — — — — — — — —प्रतिदेहनिमृ-।
४. — — — — — — — — — — — —निकीर्ण्णभानुना ॥२॥
५. — — — — — — — — — — — —सर्व्वमात्मनि।
६. — — — — — — — — — — — —शिनीवक्रान्तर् ॥३॥
७. — — — — — — — — — — — येन तेजसा।
८. — — — — — — — — — — — —वितेव भासते ॥४॥
९. — — — — — — — — — — — —पथेन सौगताः[1]।
१०. — — — — — — — — — — — — — —त्पतिर्भवैः ॥५॥
११. — — — — — — — — — — — — — — — — —या।
१२. — — — — — — — — — — — — — — — —र्यंत ॥६॥
१३. — — — — — — — — — — — — — — —न वारणे।
१४. — — — — — — — — — — — — — — — —दरुग्नम् ॥७॥

---

१. लै० सौगतः

१५. — — — — — — — — — — — — — — —स प्रबुद्धच ।
१६. — — — — — — — — — — — — — — — —जेयुः ॥८॥
१७. मार्तण्ड[1] — — — — — — — — — — — — — — ।
१८. — — रये — — — — — — — — — — — —मित्थ ॥९॥
१९. — — — करणाहतेन[2] नित्यम् — — — — — — — — ।
२०. — —किमिह स्वस्तिवाच्यशेष— — —कथितन्न— — — —
— — — ॥१०॥
२१. ⏑–=परान्नास्तिकतां प्रपन्नैस्त्रयीनिरोधि[3] ⏑– ⏑– = ⏑–=णः ।
२२. ⏑–=व्य= =व्यन नाद्य लोके धर्म्मा–स्यो[4] यदि न भविष्यः ॥११॥
२३. ⏑–=–वेदं प्रतिकीर्ण्णवाक्त्ववादनादिनिष्ठं ⏑–⏑–=⏑–=ष च ।
२४. ⏑–=कथं वेद इहाभविष्यत् त्वं भारतीदि यदि ना [रचि[ष्यः ॥१२॥
२५. [प्र]माणशुद्धचा विदितार्त्थतत्त्वः प्रकम्प्यमानम्[5] ⏑–⏑–=⏑–=
ष्ठैः ।[6]
२६. –[ध]र्म्ममित्थं जयतो हितैषी न प्रातनिष्यद् यति=⏑–= = :
॥१३॥
२७. ⏑=ष्यमात्राश्रयणादभीक्ष्णं कुतार्किककैस्त ⏑–=⏑–⏑–=ण ।
२८. ⏑=व्यचैषीन्न पृथक् प्रमाणं कथं तदस्यातुमिह =⏑–=पः ॥१४॥
२९. ⏑=पि च प्राणवियो हेतुर्न्न प्रत्यवाय ⏑–⏑–=⏑– यैषा ।
३०. ⏑=त्वमेव प्रतिवेत्सि सम्यङ् न वेदितान्यो भुवि कश्चि[दस्ति][7]
॥१५॥
३१. ⏑=स्तुति स्यादनुवादतो वा स्तुत्येषु वाचाम् द्वितय[8]।⏑= = ।
३२. [स्तु]तिर्गुणानां विधिना न सत्वान्न चानुवादस्त्वयि = ⏑– = =
॥१६॥

---

१. लै० निषेध करते हैं ।
२. लै० (क)रण-गेन ॥
३. लै० निरोधिभिर्
४. लै० धर्म्मभिस्तन्यो ॥
५. लै० माणम् ॥
६. लै० ष्ठ ॥
७. लै० कश्चि[द] ⏑ ⏑ ॥
८. लै० द्वित[या] ॥

Inscription XI.

३३. ⏑—न धर्म्मं सकलं न्यहिंसीस्त्वन्नैव रामादिरयं न्य — — (।)

३४. ⏑—णीम् वैषयिकीञ्च तृष्णां विधूय शुद्धस्त्वमिति ⏑ — — ॥१७॥

३५. ⏑—⏑कामाद्यविविक्तरूपं यदि व्यवारिष्यत[10] —⏑— — ।

३६. ⏑—स्मृतीनामगतेः श्रुतीनां तद्द्य लोके नियतं व्य—⏑[11] ॥१८॥

३७. [वि]पाट्य मोहानमृतं व्यसृक्षत् स्वयञ्च धर्म्मादि जगत्यतीष्ठत् ।[12]

३८. —⏑त्वयागाज्जगति प्रतिष्ठान्त्वमेव धर्म्मं विविधानतिष्ठि[13] ॥१९।

३९. ⏑— —वत् दुष्प्रतिपादमेतत् स्वर्ग्गादि शब्दोपनिबन्धमा[त्रम्] ।

४०. — — ⏑दस्तीति जनो ग्रहीष्यद् भवानिहैवं यदि न व्यनेक्ष्यत्[14] ॥२०॥

४१. ⏑ — ⏑ ता कुमतिभिरंहसावृतैः कुतर्क्किककैः कथमपि सौगतादिभिः] ।[15]।

४२. ⏑ — [त]वयि प्रथितगिरि प्रभावियम्[16] पयोनिधौ सरिदिव* विन्दति[17] स्थितिम् ।

४३. ⏑— — — — —द् विनियतपादार्थाद्यनुगमात् तव श्रुत्वा काव्यं सपदि मनुषागस्य ⏑ ⏑ — (।)

४४. ⏑— — —र्थ —द ⏑ ⏑ [18]परमार्थानुसरणे दधात्युच्चैर्म्मोहं सपदि गतविद्येष्टनि[19] ⏑— ॥२२॥

४५. ⏑ — — — शास्त्रे मनुयमबृहस्पत्युशनसां विधानं कृत्यानामसुगमपदां[20] लोक ⏑⏑— ।

---

१०. लै० व्यवारिष्यत् के पश्चात् लुप्त वर्णाङ्क नहीं लगाते ।

११. लै० व्यशक्

१२. लै० अतिष्ठ[त्] ॥

१३. लै० विधिनान्वतिष्ठ[:]

१४. लै० [व्यनक्ष्यत्] ॥

१५. लै० सौगतैर् ॥

१६. लै० अनिश्चित हैं

१७. लै० विन्दते

१८. लै० ⏑ ⏑ ⏑ ⏑ (र्थत्वादहन) ॥

१९. लै० विद्येष्टनि

२०. लै० कृत्यानामश ⏑ ⏑ पदां ॥

४६. ⏑ = = = नेवं प्रतिविषयमाधूय निपुणंफलेनैवाशेषं त्वमिदंमम = = ⏑ ⏑ ⏑ = ।।२३।।

४७. = = = न् नृपचरितानुवादिभावात् पादादेः[२१] प्रतिनियतन्ततश्च काव्यम् (।)

४८. = = = [२२]र नुकथनादपीह शास्त्रं त्वं शक्तेरिदमपि भारताद्य-कार्षी [:] ।।२४।।

४९. = = = भवजलधौ विवर्त्तमानान् रागादिप्रपतधियः प्रगाढ़ मो[हान्] (।)

५०. = =यास्त्विमिति[२३] विधाय मुक्तिमार्गं साचीनाम्[२४] भुवि पुरुषा-ङ्कुरोषि मन्त्रैः ।।२५।।

५१. सु[खिना][२५] विविक्तवचसा त्वया सता कृपया परार्थविनिवेशि-बुद्धिना ।

५२. ज[ग]तो हिताय सुकृते ह भारते भुवि वाङ्मयं सकलमेव दर्शितम् ।।२७।।

५३. विदितविविधधर्म्मो वेदिता वाङ्मयानान्निरवधिकमिथ्याशान्त-रागादिदोषम् ।[२६]

५४. ⏑ ⏑ ⏑ र व परार्थस्तद् भावान् मोहजालन्तिमिरमिव विवस्वान् अंशुभिः प्रक्षिणोति ।।२७।।**

५५. प्रतिविषयनियोगात् पालकत्वाच्च तासान्निपुणतदवबोधात् तद्वि-वेकाददोषा[त्] (।)

५६. जगति तदुपदेशात् त्वं मिथस्तद्विभोगादुपहित[२७] इव मूर्त्तिस्त्र्यात्मनामत्र वाचाम्[२८] ।।२८।।***

---

२१. लै० पाठादेः ।।

२२ लै(ते)र् ।।

२३. लै० यस्तम्

२४. लै० जाचीनाम्

२५. लै० निषेध करते हैं ।

२६. लै० अमित्थ्याशाङ्गरादिदोष(म्)

२७. लै० उपचित ।।

२८. त्र्यात्मना मन्त्रवाचाम् ।।

५७. सौक्ष्म्या[२९] दुर्व्वोधमीशं स्थितमपि सकलं लोकमावृत्य तन्वा वाग्बुद्ध्योरप्यतीता—

५८. कथमपि (करमपि) मुनिभिः स्वागमाद् याततत्वम् (।) विद्यारूपं विशुद्धे[३०] पदमनतिशय—

५९. क्षीणसंसारबन्धं स्यादात्मानन्न जातु त्वमिव कथयिता कश्चिदन्यो द्वितीयः ॥२९॥

६०. प्रत्याधारस्थितत्वात् पृथगपि न पृथक् तत्स्वरूपाविशेषात् नित्यं धर्म्मैरयोगा—

६१. त् पुनरपि न तथा सर्व्वकालाप्रतीतेः (।)[३१] नाशोत्पादाद्ययोगात् स्थितमपि—

६२. जगतस्सर्व्वगं व्यापिभावात् चैतन्यं रूपपक्षस्थितमपि कथये—

६३. त् को नु लोके त्वदन्यः ॥३०॥ निरंहसं दुरितमिदं विवेकिनं तमोमुषं शमि—

६४. तभवं विपश्चितम् । गिराम्पतिं सुधियमसङ्गिचेतसं मयोदि —

६५. तं वचनमुपैतु ते सदा* ॥३१॥ शमितभवभयेन क्षायिणाज्ञानराशेः

६६. स्वयमुपहितधाम्ना वेद्यपारङ्गतेन । जगदपरजसेदं तत् त्व

६७. या सर्व्वमाराद् वियदिव तिमिराणां क्षायकेनावभाति[३२] ॥३२॥

६८. गुणपुरुषविवेकज्ञानसम्भिन्नजन्मा व्यतियुतविषयाणां त्वं

६९. गिरां संविवेकी । जगति घनविरूढव्यापिसम्मोहभेदी च्युतजग—

७०. दनिरोधः खे शशीव चकास्सि ॥३३॥ तदहमिति नुनूषद् भिन्न-संसार-—

७१. बन्धम् वितमसमरजस्कं त्वाङ्गरीयांसमाद्यम् । कथमपि परि—

७२. लघ्वीं[३३] स्वान्निबध्नामि वाचम् तदिह पितरि मे त्वं संपदस्सम्विध-त्स्व ॥३४॥

---

२९. सौक्ष्म्याद्

३०. विशुद्धेः

३१. लै० सर्वकालप्रतीतेः

३२. क्षायकेण

३३. लै० परलघ्वीम्

७३. भगवतो द्वैपायनस्य स्तोत्रङ्कृतमनुपरमेण ।।[1]

(१) — — — — — — — — — — — —संयत आत्मा से

(२) — — — — — — — — — — —बुद्धि के द्वारा यह तेरे लिये नमस्कार हो।

(३) — — — — — — — — — —प्रत्येक जीवित देहधारी को।

(४) — — — — — — — — — — —प्रसारित भानु के द्वारा

(५) — — — — — — — — — — — —सर्वात्मा में

(६) — — — — — — — — — —शारदीया चन्द्रमा के समान

(७) — — — — — — — — — — — — जिससे

(८) — — — — — — — — — — —सूर्य के समान देदीप्यमान होता है ।।४।।

(९) — — — — — — — — — — —मार्ग से सुपथगामी जन।

(१०) — — — — — — — — — — — —ध्वनि और शब्दकोश के पारङ्गत

(११) — — — —आपके द्वारा तीन — — —

(१२) — — — — — — — — — — — — — — — — —जो ।।६।।

(१३) — — — — — — — — — — — — —— न रोकने में।

(१४) — — — — — — — — —विदीर्ण कर दिया ।।७।।

(१५) — — — — — — — —वह जाग्रत हो करके

(क) असंगति अलंकार

1. (क) In the time of Lichhavis, arts and literature had made progress. Sanskrit language was prevalent and most of the inscriptions were written in Sanskrit and used Gupta script. The learned people were respected in the palace and courts The Court-poets like Yama, Uśanas, Bṛhaspati and Anuparama flourished.
—A short History of Nepal, by Netra B. Thapa p. 34.

(ख) The Lichhavis of Napal were considerably influenced by the culture of the Gupta period. This is evident in their inscriptions which closely follow the terminology of Guptas.
Studies—The History and Culture of Nepal. By Lallan ji Gopal & Thakur Prasad Verma, Bharati Prakashan, Varanasi, 1977.

(१६) — — — — — — — —विजयी होना चाहिये ॥८॥

(१७) —सूर्य— — — — — — — — —.

(१८) — —प्रवाह में (उत्कण्ठा में) — — — — — — — —
इस प्रकार ॥९॥

(१९) — — —सदैव सम्मानित साधन से— — — — — — — —
— — — — — ।

(२०) — —ज्ञान के क्षेत्र में जो कुछ कल्याणकारी कथनीय बातें शेष रह गई हैं, वे सब आपके द्वारा बतला दी गई हैं (इसमें कोई संशय नहीं है) ॥१०॥

(२१) — — वेदत्रयी के विरोधी परम नास्तिक जनों का आपने निरोध किया। — — — — —

(२२) — — —यदि आप नहीं होते तो आज संसार में धर्म के आदेशों की स्थापना न होती ॥११॥

(२३) — — — अनादिनिष्ठ वेद के प्रति विस्तृत वाणी वाला होने के कारण अर्थात् अनादिनिष्ठ वेदों को आपने अपनी वाणी से संसार में प्रसारित किया — — ।

(२४) — — यदि आप महाभारतादि न रचते तो यहाँ (पृथ्वी पर) वेदों का अस्तित्व कैसे होता ? ॥१२॥

(२५-२६) शुद्ध प्रमाण के द्वारा सर्वविदित तत्त्वार्थ (आध्यात्मिक ज्ञान) समाज में प्रकम्पित एवं संदिग्ध हो रहा था तब आपने यदि विश्व के हितकारी धर्म को न प्रसारित किया होता तो तत्त्वार्थ (संसार में स्थायी एवं स्थिर न होता) ॥१३॥

(२७) — —कुतार्किक लोग निरन्तर मिथ्याज्ञानोन्मुख होकर सत्य का प्रतिकार कर रहे थे — —

(२८) — —उनको दूर करते हुए — —पृथक् प्रमाण में होने से — — —फिर यहाँ उसका अस्तित्व स्थिर कैसे हो सकता है ? — ॥१४॥

(२९) — —और प्राण वियोग का हेतु भी व्यवधान नहीं है — — — ।

(३०) — —तू ही प्रत्येक वस्तु को सम्यक् रूप से जानने वाला है इस संसार में अन्य कोई भी ज्ञाता नहीं है ॥१५॥

(३१-३२) — लोगों की प्रशंसा प्रायः दो विधियों से होती है अनुवाद के द्वारा अथवा अपनी मौलिक वाणी द्वारा। किन्तु गुणों की स्तुति तुम में न तो अनुवाद की विधि से ही और न वाणी की दृष्टि से देखी जाती है।

(३३) ⏑=रागादि बुराइयों एवं सम्पूर्ण पापों को आपने दूर किया है — —।

(३४) ⏑=विषयों की तृष्णा से दूर होकर आप अत्यन्त पवित्र हैं ॥१७॥

(३५) ⏑ = ⏑ धर्मार्थ कामादि प्रत्येक के सिद्धान्तों को आपने अलग-अलग रूप से व्यवहृत किया।

(३६) ⏑=आपके द्वारा निर्दिष्ट, आज भी उनके सिद्धान्त स्मृतियों एवं श्रुतियों के अनुसार संसार में नियत हैं।

(३७) अज्ञानान्धकार को दूर करने के लिये ज्ञानामृत का सृजन किया और स्वयं जगत् में धर्मादि को स्थापित किया।

(३८) = ⏑आपने ही विविध याज्ञिक प्रतिष्ठाओं तथा धर्म को संसार में प्रतिष्ठित किया।

(३९) ⏑॥(='स्वर्ग' शब्द शब्दोपनिबन्ध मात्र था अर्थात् अपने शाब्दिक अर्थ तक ही सीमित था उसके दुष्प्रतिपादनीय वास्तविक स्वरूप एवं अर्थ को आपने प्रतिपादित किया।

(४०) = = ⏑ यदि आप यहाँ पर उसके वास्तविक स्वरूप एवं अर्थ की गवेषणा न करते तो लोग 'स्वर्ग' के शब्दार्थ को ही ग्रहण करते।

(४१-४२) — ⏑ = कुमतियों, दुराचारियों, कुतार्किकों एवं किसी भी प्रकार बुद्धानुयायियों के वेद विरुद्ध विचार रूपी कंकड़-पत्थर आपके विस्तृत आध्यात्मिक प्रभाव रूपी पर्वत में उसी प्रकार विलीन हो गये जिस प्रकार सरित् महासागर में विलीन होकर समाधि स्थिति को प्राप्त हो जाती है ॥२१॥

(४३) ⏑ = = = = = =नियमित पदार्थ का अनुगमन करने से आपके काव्य को सुनकर मनुष्य शीघ्र ही अगम्य अर्थ को समझने में समर्थ हो जाता है अर्थात् आपके काव्य में शब्द-विन्यास अत्यन्त सुबोध एवं भावानुकूल है।

(४४) — — — —परमार्थ के अनुसरण (खोज) में मनुष्य शीघ्र ही इष्ट ज्ञान से दूर उच्च मोह को धारण कर लेता है ।।२२।।

(४५) = = = =शास्त्र में मनु, यम, बृहस्पति उशनस् के कृत्यों के विधान को कठिन स्थान एवं लोक को ⏑ ⏑ = ।

(४६) ⏑ = = = इस प्रकार प्रत्येक इन्द्रिय विषय के प्रति न हटा कर पूर्णरूप से फलयुक्त निपुणता को आप इस मेरे — = = ⏑ ⏑ ⏑ = ।।२३।।

(४७) = = =काव्य में पाद के आदि में प्राचीन राजचरित का वर्णन करने से काव्य की प्राचीनता सिद्ध होती है ।

(४८) = = = जो कुछ भी पहले कहा गया या सुना गया उसके आधार पर आपने अपनी पूर्ण शक्ति से आदिशास्त्र महाभारत को रचा ।।२४।।

(४९) = = = संसार-सागर में वर्तमान रागादि से ग्रस्त प्रगाढ़ मोह वाले व्यक्तियों को

(५०) = = =तुम इस पृथ्वी पर मन्त्रों के द्वारा मुक्ति मार्ग का उपदेश देते हो ।

(५१-५२) आपने सत्पुरुषों की कृपा से परार्थ में लगी हुई बुद्धि तथा शुद्ध एवं वैराग्य युक्त वाणी के द्वारा जगत् के हित के लिये अपनी इस पुण्य भूमि भारत में एवं विश्व में सम्पूर्ण वाङ्मय को प्रदर्शित किया ।

(५३) आपने विविध धर्मों एवं विपुल वाङ्मय को जानकर रागादि दोषों का शमन कर दिया है ।

(५४) जिस प्रकार सूर्य अपनी प्रखर किरणों से अन्धकार को दूर कर देता है उसी प्रकार आपने (ज्ञानरूपी सूर्य द्वारा) मोह-जाल को विदीर्ण कर दिया है ।

(५५) प्रतिविषय के निश्चित होने के कारण, पालक होने के कारण, सावधानीपूर्वक उसका ज्ञान होने के कारण, विवेक के कारण, दोष रहित होने के कारण, संसार में उसके उपदेश के कारण तुम उसके साथ विभागयुक्त मानो सन्निहित त्रयात्मक वाणी की मूर्ति हो ।।

(५६-५९) सूक्ष्म होने के कारण, दुर्बोध होने के कारण, तथा जो अपने शरीर से सम्पूर्ण संसार को आच्छादित किये हुए है, जो वाणी तथा

बुद्धि से भी अगोचर है, अपने ज्ञान से मुनियों द्वारा किसी प्रकार जाना जाता है; विशुद्धि का सर्वोत्तम विद्या रूपी स्थान है, जिसके कारण भव-बन्धन क्षीण हो जाता है, उसका उपदेश देने वाला आपके सिवाय अन्य कोई दूसरा नहीं है।

(६०-६२) — प्रत्येक पदार्थ में स्थित होने के कारण, जो पृथक् होते हुए भी पृथक् नहीं है, अपने स्वरूप के विशेष होने के कारण धर्मादि के सम्बन्ध से रहित है, फिर भी सभी कालों में जिसकी प्रतीति नहीं होती है, उत्पत्ति तथा विनाश से रहित होकर स्थित है, सर्वव्यापक है, चैतन्य है। उसको बतलाने वाला आपके अतिरिक्त संसार में अन्य कौन हो सकता है?

(६३-६५) निष्पाप को, विवेकी को, सतोगुणी को, बुद्धिमान को, वाणी के स्वामी को, आपका वचन सदा प्राप्त हो।

(६६-६७) जिस प्रकार आकाश तिमिर को दूर करता है उसी प्रकार संसार के भय को नष्ट करने वाले अपने तेज से उपहित, ज्ञेय के पारंगत आपके द्वारा यह जगत् सुशोभित हो रहा है।

(६८-७०) आप विवेक एवं ज्ञानयुक्त होकर जन्म लेने वाले त्रिगुणात्मक पुरुष हो, आप सम्मिश्रित विषयों की वाणी के सुज्ञाता हो, संसार में छिपे हुए गहन-व्यापक मोह के भेदन करने वाले आप आकाश में चन्द्रमा के समान सुशोभित हो रहे हो।

(७१-७२(संसार के बन्धन को नष्ट करने वाले तमोगुण तथा रजोगुण से रहित आपके विषय में या आपकी महिमा को किसी प्रकार से मैं अपनी वाणी द्वारा वर्णन कर रहा हूं। आप मेरे पिता के ऊपर कल्याण-वर्षा करना।

(७३) अनुपरम के द्वारा भगवान द्वैपायन का स्तोत्र रचा गया।

XII

आदिनारायणमन्दिर थानकोट ग्राम-मर्यादाभिलेख

यह अभिलेख थानकोट के आदिनारायण मन्दिर में ३० सें० मी० चौड़ी प्रस्तर-शिला पर उत्कीर्णित है। शिला का ऊपरी भाग टूटकर नष्ट हो गया है। इस अभिलेख का लेखन-काल सं ४२८ (सन् ५०६ ई०) है।

१. ओ३म् स्वस्ति [मानगृहात् परमदैवतबप्पभट्टा]
२. रकमहाराजश्रीपा[दानुद्ध्यातो श्रुतनयदया]
३. दानदाक्षिण्यपुण्यप्र[तापविकसितसितकीर्ति][1]—
४. भट्टारकमहाराज (श्रीवसन्तदेवः कुशली]
५ जयपल्लिकाग्रा[मनिवासोपगता]न् ब्राह्मणपुरस्स—
६. रान् ब्रङ्ब्रांशुलमुंतेपुल— — — —प्रधानान् ग्रामकुटुम्बिनः
७. साष्टादशप्रकृतीन् कु]शलंपृ]ष्ट्वा समाज्ञापयति
८ विदितं वोऽस्तु यथा[स्माभि]रायुष्मत्यै प्रियभगिन्यै
९ [ज]यसुन्दर्य्यै स्वसन्तानानुक्रमेण सुस्थितकोट्ट—
१० [म]र्य्यादः अचाटभटप्रवेश्योयं ग्रामोऽतिसृष्टोऽस्य—
११ — — —सीमा शीताटीगुल्मकस्य पश्चात् या नदी ततः पर्व्व—
१२. [त] —यावत् पर्व्वतचूडिका दक्षिणतोऽपि तत एव नद्यां
१३. —त्य पश्चिमेन— — — —पजु यावद्धस्तिमार्गसम्प्राप्तेति
१४. ततोऽपि च हस्तिमार्ग्ग— — —[प]श्चिमतो यावत् पर्व्वतचूडिका
१५. पश्चिमतः पर्व्वताग्रस्य— — —ति प्राग्रापः स्यन्दन्ते पश्चिमोत्तरे
१६. —णापि शिवकदेवकुलस्य दक्षिणतः पानीयमार्ग्गावधि उत्तरेणा—
१७. —पि थेञ्चेग्रामस्य दक्षिणतः यावत् महापथः प्रागुत्तरेणापि नव—
१८ —ग्रामस्य दक्षिणतोमार्ग्ग एवावधिर्य्यावत् पूर्व्वेण नदीं प्रविष्ट—
इति

---

१. वृत्त्यनुप्रासालङ्कार

१९. तदेतस्मिन् ग्रामे ये प्रविष्टाः प्रविविक्षवश्च ब्राह्मणप्रधानाः सा—
२०. ष्टादशप्रकृतयस्तेषामत्र प्रतिवसतान्न केनचिदस्मत्पादोप—
२१. जीविना स्वल्पाप्यावाधा कर्त्तव्या यश्चेमामाज्ञामुल्लङ्घ्या—
२२. न्यथा कुर्य्यात् कार—
२३. येद् वा तस्याहं दृढन्न मर्षयिष्यामि तदेवं विदित्वात्र भवद्भिर्निर्वृत-विश्वस्तैरकुतोभयैः स्वकर्म्मानुस्थायिभिः परस्परेणाश्वासयद्भिश्च समुचि—]
२४. तभागभोगकरपिण्डकदानादिभिरुपकुर्व्वद्भिरनया प्रतिपाल्यमानै—
२५. राज्ञाश्रवणविधेयैः सुखं प्रतिवस्तव्यमिति समाज्ञापना येऽप्यागमि—
२६. नो राजानोऽस्मद्वंश्या भविष्यन्ति तेऽप्येनामस्मद्दत्ताम् भूमिमनु-मोदितुम—
२७. [हं]न्ति यत्कारणं बहुभिर्व्वसुधा भुक्ता राजभिः सगरादिभिः। यस्य यस्य
२८. यदा भूमिस्तस्य तस्य तदा फलम् ।। स्वदत्ताम् परदत्तां वा यो हरेत् वसुन्ध—
२९. राम् । स विष्ठायां कृमिर्भूत्वा पितृभिः सह पच्यत इति दूतको याज्ञिक—
३०. विरोचनगुप्तः सम्वत् ४०० २० ८ मार्गशीर्ष—शुक्लदिव ।।१।।

ओ३म् मानगृह से सबका कल्याण हो। परम देव बप्प भट्टारक महाराज के श्री चरणों का ध्यान करने वाले, श्रुति, नय (नीति), दया, दान, दाक्षिण्य (दक्षता), पुण्य एवं पराक्रम से समृद्ध होने वाली धवल कीर्ति वाले भट्टारक महाराज श्री वसन्त देव कुशलतापूर्वक जयपल्लिका ग्राम में निवास करने वाले ब्राह्मणों के सम्मुख अठारह प्रकृतियों से युक्त ब्रङ् ब्रांगुलमुंतेपुल ग्राम के प्रधानों एवं कुटुम्बियों को कुशलता पूछ कर सूचित करते हैं कि "आप सबको विदित है कि जैसे हमारी आयुष्मती प्रिय बहिन जयसुन्दरी के लिये अपनी सन्तान के अनुक्रम से ठीक दुर्गीय मर्यादाओं से युक्त यह ग्राम अचाटभट (चाट भट को छोड़ कर अन्य सभी के लिये) के प्रवेश योग्य बनाया गया है इसकी सीमा शीताटी नामक जंगल के पश्चात् जो नदी है वहाँ से लेकर जहाँ तक पर्वत की चोटी है, दक्षिण से भी उसी नदी का अनुसरण करके पश्चिम में — — पजु से लेकर जहाँ तक नीचे का मार्ग आता है और उसके पश्चाद् हाथी मार्ग, पश्चिम से जहाँ तक पर्वत शिखर है, पश्चिम से पर्वत के अग्रभाग

Inscription XII

के— — — आगे को जहाँ पानी का झरना बहता है, पश्चिमोत्तर में भी शिवमन्दिर के दक्षिण में जल ही जिसकी मार्गावधि है (जलमार्ग ही जिसकी सीमा है), उत्तर में भी थेञ्चे ग्राम के दक्षिण से लेकर जहाँ तक महामार्ग है, पूर्वोत्तर में भी नवग्राम के दक्षिण मार्ग से लेकर जहाँ तक नदी का प्रवेश होता है, यही सीमा है। तो इस ग्राम में जो ब्राह्मण प्रधान प्रविष्ट हैं और १८ प्रकृतियों सहित निवास कर रहे हैं, उनको हमारा कोई भी चरणोपजीवी (कर्मचारी) किञ्चित् मात्र भी बाधा नहीं पहुंचायेगा। जो हमारी इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा या करायेगा उसे निश्चय ही हम सहन नहीं करेंगे।

तो इस प्रकार जानकर आप सबको विश्वस्त एवं निर्भय होकर, अपने कर्तव्यों को करते हुए, परस्पर आश्वस्त होते हुए, अपने अपने भाग के भोग-कर, पिण्डदान आदि करों को देते हुए एवं उनके द्वारा प्रतिपालित होते हुए, राजा के द्वारा सुनाए गये विधानों (नियमों) के अनुसार सुखपूर्वक रहना चाहिये, इस प्रकार की समाज्ञापना (सूचना अथवा आदेश) है। जो हमारे वंश के आगामी राजागण होंगे वे भी मेरे द्वारा दी गई भूमि (राज्य) का अनुमोदन (स्वीकार) करने के योग्य होंगे। इसका कारण है कि यह वसुधा सगरादि बहुत से राजाओं के द्वारा उपभोग की गई। जिस जिसकी यह भूमि हुई है तब तब उसका फल मिला है। अपनी दी हुई अथवा दूसरे के द्वारा दी हुई भूमि का जो अपहरण करता है, वह विष्ठा में कृमि होकर अपने पितरों के साथ पकाया जाता है। दूतक याज्ञिक विरोचन गुप्त है। संवत् ४२८ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष का प्रथम दिन।

XIII

जयशीलागनटोलेमर्यादा शिलालेख

लगभग ४२ सें मी. चौड़ा शिलालेख जयशी लागनटोले मन्दिर काठमाण्डू के निकट ह्ल ुगलदेवी के शरणाश्रय के निकट स्थित है। शिला का ऊर्ध्वभाग चक्र एवं दो शङ्खों से सुशोभित है। सव– ४३५ (सन् ५१३ ई०)

१. ओ३म् स्वस्ति मानगृहात् परमदैवत बप्पभ—
२ ट्टारकमहाराज श्रीपादानुध्यातः श्रुतन—
३. य —दयादान –दाक्षिण्य –पुण्यप्रतापविकसि—
४. तसितकीर्तिर्भट्टारकमहाराज श्री वसन्त—
५. देवः[1] कुशली [चतु]र्ष्व[2]धिकरणेषु धर्म्म—
६. स्थ[3]— — — — — — — — — — — — —णिकाम् च कुश—
७. [लम् पृष्ट्वा समाज्ञापयति][5] विदितमस्तु वो मया[6]
८. — — — — — — — — — — — — — —लिङ्गवल[7]
९. — — — — — — — — — — — — — — —कूथेर
१०. — — — — — — — — — — — — —रणाय
११. — — — — — — — — — — — — —[भ]ट्टारक[8]

१. Bh. I. सेनः
२. Bh I. निषेध
३ Bh. I. स्था[न] ॥
४. Bh. I. णेकाश् ॥
५. Bh. I. रिक्त छोड़ देते हैं।
६. मया शब्द के नीचे 'अस्तु वो' लिखा है।
७. Bh. I. लिङ्ग्वल ॥
८. Bh. I. भ निषिद्ध करता है।

१२. — — — — — — — — — — — — — — — व्य तेषाम्
त्र[६]
१३ — — — — — — — — — — — — — —कार्येषु सद्वै[१०]
१४. — — — — — — — — — — — — — —मयापि तेषां
१५. — — — — — — — — — — — — — —मोचित—
१६. — — — — — — — — — — — — — — — — — — —
१७ [अस्मत्पा[[११] दोपजीविभिरय[म्][१२]— — — — — — —
१८. — — —यश्चेमामाज्ञाम् उल्लङ्घ्य
१९. — —तस्याहं[१३]दृढं मर्य्या[द][१४]— — — —
२०. इति समाज्ञापना। संवत् ४३५ आश्व—
२१. युजि शुक्लदिव १ दूतकः सर्वदण्डना—
२२. यक महाप्रतिहार रविगुप्त इति॥
२३. [१५]ब्रह्मु ङि च महीशीले व्यवहरतीति।

ओ३म् मानगृह से सबका कल्याण हो। परमदेवता स्वरूप बप्प भट्टारक महाराज के श्री चरणों का ध्यान करने वाले, श्रुति, नय, दया, दान, कौशल तथा पुण्य के प्रताप से पल्लवित एवं उन्नत धवल कीर्ति वाले भट्टारक महाराज श्री वसन्तदेव कुशलतापूर्वक चारों अधिकरणों (लिंग्वल, कूठेर आदि चार अधिकरणों अथवा विभागों) में धर्म में स्थित और — —णिका को कुशलता पूछ कर सूचित करते हैं कि आप सबको विदित हो कि मेरे द्वारा— — — लिंग्वल— — — कूथेर — — भट्टारक — — उनके — — कार्यों में — — मेरे द्वारा भी उनके — — छोड़ दिये गये — — —इस आज्ञा का जो हमारा कोई भी चरणोपजीवी अवज्ञा करेगा या करायेगा उसकी मर्यादा के लिये मैं कठोर दण्ड दूंगा। यह आदेश है। संवत् ३३५ आश्वयुज शुक्ला प्रथमा। यहाँ दूतक है सर्वदण्डनायक महाप्रतिहार —रविगुप्त। ब्रह्मु ङि तथा महीशील में व्यवहार होता है।

---

९. Bh. I. शप्येत् तेषाम् त्र
१०. Bh. I. दिकार्य्येषु सद्वि॥
११. Bh. I. त्पा॥
१२ अय[म्] Bh. I. के द्वारा निषिद्ध
१३. Bh. I. द्वा तस्याहं उल्लङ्घ्या [न्यथा] कुर्यात् का[रये]द् वा पढ़ा जा सकता था।
१४. Bh. I. द का निषेध करते हैं।
१५. Bh. I. ब्राह्मु ङि

किसीपिडी कर-मुक्ति शिलालेख

यह अभिलेख किसीपिडी नामक ग्राम में लगभग ३८ सें. मी. चौड़ी शिला पर उत्कीर्णित है।

संवत् ४४९ (सन् ५२७ ई०)

१. — — — — — — — — — — — — — — — — —कूथेर—
२. — — — — — — — — — — — — — — — — — — —म्
एतद् भ—[1]
३. — — — — — — — — — — — — — — **यूयम् अद्याग्रेण स—**[2]
४. **मुचितकरं ददन्तः**[3] **सर्व्वंकृत्वेष्वाज्ञा विधेया**
५. — — — — — —**मनसो यथा**[4] **सुखं प्रतिव[सतेति]**[5]
६. **दूतकश्चात्र सर्व्वंदण्डनायकमहाप्रतिहार**[6]
७. **रविगुप्त इति संवत् ४०० ४०९ प्रथमासा [ढ़]—**
८. **शुक्लदशम्याम् ॥**
(१) — — — — — — — — — — — — — — — — —कूथेर
(२) — — — — — — — — — — — — — — — — — —यह
भट्टारक
(३-८)— — — आज पहले ही समुचित कर को देते हुए सब कार्यों में आज्ञा-विधान का आचरण करते हुए — — —मन से इच्छानुसार सुखपूर्वक निवास करें। और यहाँ दूतक है सर्वदण्डनायक महाप्रतिहार रविगुप्त।

संवत् ४४९ प्रथमाषाढ़ शुक्ल दशमी के दिन।

---

१. L १-२ पंक्तियाँ नहीं पढ़ पाये हैं।
२. L. शे...॥
३. ददत्तः के लिये
४. L. लुके ॥
५. L. प्रतिव...॥
६. L प्रतिहार...॥

XV

रविगुप्तकृत चौकीतर पंचापराध निषेधाज्ञा शिलालेख

यह अभिलेख थानकोट जिले के बलम्बू नामक ग्राम के निकट थादो-भुङ्गो के दाएँ ओर चौकीतर नामक स्थान पर लगभग ५० सैं मी. चौड़ी शिला पर उत्कीर्णित है। शिला का ऊर्ध्व भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों से बिभूषित है। सवत् ४५४ (५३२ ई०)

१. ओ३म् स्वस्ति मानगृहात् सम्यक् प्रजापालन — — — — — — — — — — — — — —
२. भट्टारकमहाराज श्री वसन्तदेवः कुशली — — — — — — [ब्राह्मण] —
३. पुरस्सरान् ग्रामकुटुम्बि[नः] कुशलं पृष्ट्वा[समाज्ञा]पयति — — — — —
४. यथा मयै — — ञ्च — . ए . ई — — — — — — — — — — ङ्ग— — — —
५. राधिकरणाभिलेख्यकैश्च पञ्चापराध — — — — — — —सर्व्व-दण्डना —
६. यकमहाप्रतिहार रविगुप्तेन विज्ञापिते[न] —त्रैव सर्व्वदण्ड-नायक—
७. महाप्रतिहार रविगुप्तेन महाराजमहासामन्त श्री क्रमलीलेन च साकं स—
८. मवाप्य तथेति प्रसादः कृतस्तदित्थमप्रति यदि कश्चिदस्मत्पादोपजी-[व्य]—
९. न्यो वेमाम् आज्ञां उत्क्रम्याभिमुख्यं प्रवेशयेद् यो च पञ्चापराधेन स्मरेत् स्मार —
१०. येद्वा तान् अहं दृढं न मर्षयिष्याम्येवं विदितार्था यूयं निर्भृतविश्वस्ताः

११. सुखम् प्रतिवसतेति ततो ग्रामीणैरपि मा भूत् राजकोशस्यापहा-
निरिति

१२. तत्प्रतिमोचनाय स्वे स्वे ग्रामेऽधिकरणयोरुभयोः क्षेत्रं दत्तम्
पश्चि —

१३. मोद्देशे भूमि ७ पिण्डकं शोल्लाधिकरणस्य मा २ कूथेराधिकरणस्य

१४. मा १ दूतकश्चात्र सर्व्वदण्डनायकमहाप्रतिर(प्रतिहार) रविगुप्तः
ब्रह्म ुनि च

१५. प्रतिहार भवगुप्ते व्यवहरतीति ४०० ५० ४ ज्येष्ठशुक्लदिव ७

ओ३म् सबका कल्याण हो। राजमहल मानगृह से प्रजा का अच्छी प्रकार पालन करने वाले भट्टारक महाराज श्री वसन्तदेव ब्राह्मणों एवं ग्रामीण कुटुम्बियों से कुशलता पूछकर आज्ञा प्रसारित करते हैं कि अधिकरणाभिलेखा-धिकारी और पञ्चापराध-निर्णायक सर्वदण्डनायक महाप्रतिहार रविगुप्त, महाराज महासामन्त श्री क्रमलील की सम्मति से हमने यह कृपा की है, अथवा स्वीकृति प्रदान की है कि हमारे किसी भी कृपापात्र को पञ्चापराध की मनोवृत्ति से गाँव में प्रवेश नहीं करना चाहिये। जो इस आज्ञा या अभिलेख का अतिक्रमण करेगा उसको निश्चय ही सहन नहीं करूँगा। इस प्रकार जानते हुए आप प्रजागण निश्चित रूप से विश्वासपूर्वक निवास करें। फिर ग्रामीण जनों को भी राजकोशीय सुविधाओं से मुक्त (वञ्चित) नहीं होना चाहिये) इस अभाव की मुक्ति के लिये अपने अपने ग्राम में दोनों अधिकरणो का क्षेत्र दिया जाता है। पश्चिमी प्रदेश में शोल्लाधिकरण की भूमि ७ पिण्डक मा २ तथा कूथेराधिकरण की मा १। यहाँ दूतक (सन्देशवाहक) है सर्वदण्डनायक महाप्रतिहार रविगुप्त तथा ब्रह्ममुनि। प्रतिहार भवगुप्त ने क्रियान्वित किया। संवत् ४५४ ज्येष्ठ शुक्ल दिवा सप्तमी।

XVI

शङ्करभवन-भूमि दानलेख

यह अभिलेख पशुपति-मन्दिर के चबूतरे में लगभग ८६ सैं. मी. चौड़ी शिला पर उत्कीर्णित है।

संवत् ४६२ (४६२+७८=५४० ई०)।

छन्द—आर्या तथा उपगीति।

१. ओ३म् आभीरी ख्यातगुणा भार्य्या परमाभिमानिनः सूनोः।
पुण्यविवृद्ध्यै भर्तुर्देवतामितः प्रयातस्य॥
पुण्येहनि धननिचयैर्द्विजजनम् अभिपूज्य दानमानाभ्याम्।

२. पुत्रेणानुज्ञाता चकार संस्थापनं शम्भोः॥
दत्त्वा चाक्षयनीवीं वप्रपरिच्छदविभूषादीन्।
अनुपरमेश्वरसंज्ञाञ्च शम्भोर्भुवनमहितस्यास्य॥

३. भगवते देवदेवायास्मै स्वयम् प्रतिष्ठापिता-
यानुपरमेश्वरसंज्ञितायाभ्यङ्गस्नपनाच्चंन-
गन्धधूपबलिनिवेदनादिप्रवर्त्तनार्थं
खण्डफुट्टप्रतिसं-

४. स्कारार्थञ्च पतिदेवपुण्याभीरिभगिन्यापत्तये
त्रिदिवस्थाय पुण्याप्यायनार्थमायुष्मताञ्चापत्या-
नाम् भौमगुप्तादीनाम्भोगारोग्यायुरानन्त्यावाप्तये।

५. टिम्पाग्रामे — — — पुष्करोपेतनदीक्षेत्रखण्डद्वयं दत्तमिति।
संवत् ४०० ६०२ ज्येष्ठमासे तिथौ द्वितीयायाम्।

ओ३म् परमाभिमानिनी के पुत्र की भार्या आभीर जाति की गुण विख्यात तथा अपने पति को ही परमदेवता मानने वाली रानी ने अपने पति की पुण्यवृद्धि के लिये परममाननी पत्नी ने यहाँ से जाते हुए पुण्य दिवस पर धन-कोश के द्वारा दान-मान से ब्राह्मणों का अच्छी प्रकार पूजन करके, अपने

पुत्र की स्वीकृति से अनुपरमेश्वर नामक शंकर भगवान की स्थापना की। अनुपरमेश्वर नामक शंभु-भुवन का दान किया। देवों के देव भगवान अनु-परमेश्वर की दैनिक अर्चना एवं स्नानादि के लिये सुगन्धित, धूप, भेंट (प्रसाद), नैवेद्य तथा उसके जीर्णोद्धार के लिये स्थायी रूप से भूमि एवं आभूषणों का दान किया।

पतिदेव के स्वर्ग में पुण्यप्राप्ति के लिये पुनीत आभीर पत्नी ने आयुष्मान् भौमगुप्त आदि सन्तान के, भोग, आरोग्य और दीर्घायु की प्राप्ति के लिये तिम्पा ग्राम में कमलों से सुशोभित नदी के क्षेत्र में दो खण्ड दिये हैं। संवत् ४६२ ज्येष्ठ मास की द्वितीया तिथि को।

XVII

देवपाटन-नाथेश्वर-शिलालेख

यह अभिलेख देवपाटन में मृगस्थली के मार्ग में स्थित शिवलिङ्ग की आधार-शिला पर लगभग ४४ सें० मी० चौड़ाई में उत्कीर्णित है। प्रयुक्त संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से पर्याप्त अशुद्ध है। संवत् ४६९ (सन् ५४५ ई०)

१. **ओ३म् स्वस्ति संवत् ४०० ६०९ वैशाखे शुक्लदिवपौर्णमा-स्यां भट्टारक महाराज—**

२. **श्री रामदेवस्य साग्रं वर्षशतं समाज्ञापयति महाराज—महासामन्त—**

३. **श्री क्रमलीलः कुशली भगवतः नाथेश्वराय मानमत्या दत्तं दोव—**

४. **ग्रामोद्देशे शालगम्वी क्षेत्रपिण्डक मा २०८ तत्र देशे खुड्डस्वामिनः**

५. **दत्तू मा २**

ओ३म् सबका कल्याण हो। संवत् ४६९ वैशाख शुक्ल पूर्णमासी के दिन भट्टारक महाराज श्री क्रमलील कुशलतापूर्वक मानमती के द्वारा भगवान नाथेश्वर के लिये शालगम्बी क्षेत्र में दोव गाँव नामक स्थान पर मा २८ और वहाँ खुड्डू स्वामी के प्रदेश में मा २ प्रदान करने की आज्ञा प्रदान करते हैं।

XVIII

अविलोकितेश्वरनाथ स्थापनाभिलेख

यह अभिलेख कठमण्डु में लगन टोले नामक स्थान पर एक जलप्रवाहिका में स्थित अवलोकितेश्वर की मूर्ति के आधार पीठ पर उत्कीर्णित है। उत्कीर्णत भाग लगभग ७७ सैं० मी० चौड़ा है इसकी तिथि अपठनीय है।

१. ओम् स्वस्ति — [राम] देवस्य साग्रं वर्षशतं समाज्ञा [पयति]

२. सर्व्वसत्वहितसुखात्थाय भगवत आर्य्यालोकितेश्वरनाथप्रतिष्ठापितः देयधर्म्मोऽयं परमोपासकमणिगुप्तस्य

३. भार्यया महेन्द्रमत्या सह यद्द अत्र पुण्यं तद्भतु मातापितृपूर्व्वङ्गमं कृत्वा सर्व्वसत्वानां सर्व्वाकारवरोपेत- [तथागत स]र्व्वज्ञज्ञानावाप्तये।

ओ३म् सबका कल्याण हो। श्रीरामदेव के एक सौ वर्ष से भी अधिक समय तक शासन करने की कामना करते हुए तथा सूचित करते हैं कि सब प्राणियों के कल्याण एवं सुख के लिये देय धर्म परमोपासक मणिगुप्त की भार्या महेन्द्रमती के द्वारा पुण्य पति के दिवंगत माता पिता का संस्कार करके सब प्राणियों की सेवार्थ एवं तथागत सर्वज्ञताप्राप्ति के लिये भगवान आर्य लोकितेश्वरनाथ स्थापित किया गया।

XIX

चौकीतर-अधिकरणप्रवेश निषेधाज्ञा शिलालेख

संवत् ४८२ (सन् ५७० ई०)

लगभग ४६ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख थानकोट जिले के बलम्बू नामक ग्राम के निकट ठाडो ढूंगा के दाहिनी ओर चौकीतर नाकक स्थान पर स्थित है। शिलालेख का ऊर्ध्व भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों से सुसज्जित है।

संवत् ४८२ (४८२+७८=सन् ५६० ई०)

१. ओ३म् स्वस्तिमानगृहात् बप्पपादानुध्यातो भट्टारकम-
२. हाराजश्रीगणदेवः कुशली सीताटिकातले तेग्वल[ग्रा]
३. मे यथाप्रधानब्राह्मणपुरस्सरान् सर्व्वान् एव कु—
४. कुटुम्बिनः कुशलं पृष्ट्वा मानयति पूर्व्वराजभिर्य्यु-
५. ष्माकं कूथेर्शुल्ल्याधिकरणाभ्याम् न प्रवेष्टव्यमित्य—
६. नुग्रहः कृतकोऽधुना मया सर्व्वदण्डनायक—
७. महाप्रतिहारश्री भौमगुप्तानुज्ञापितेन लिंग्वल्
८. माप्चोकाधिकरणाभ्याम् पञ्चापराधद्वारेण च-
९. तुर्भिरप्यधिकरणैर्न्न प्रवेष्टव्यमिति स्थितिपट्ट—
१०. केन प्रसादः कृतस्तद् यूयमेवम् विदित्वा यथै-
११. व पूर्व्वम् आज्ञाश्रवणविधेयास्तथैवावलगनप-
१२. रा भूत्वा निर्वृतविश्वस्ताः सुखम् प्रतिवत्स्यथ ये चा-
१३. स्मद्वंश्या राजानो भवितारास्तैरपि धर्म्मगुरुभि-
१४. र्गुरुकृतप्रसादानुवर्त्तिभिरियमाज्ञाप्रति-
१५. पालनीयेति दूतकश्चात्र राष्ट्रवर्मा ब्रह्मं
१६. प्रसादगुप्तवार्ते व्यवहरतीति संवत्
१७. ४०० ८०२ श्रावणशुक्लप्रतिपदि।

सबका कल्याण हो। राजभवन मानगृह से बप्पा के चरणों का ध्यान करने वाले परम भट्टारक महाराज श्रीगणदेव सीताटिका के नीचे तेग्वल

ग्राम में प्रधान ब्राह्मणों के सम्मुख सभी कुटुम्बियों से कुशलता पूछकर स्वीकार किया कि पूर्व राजाओं के द्वारा आपके गाँव में कुथेर और शुल्याधिकरणों के लोगों का प्रवेश नियमित रूप से निषिद्ध किया गया था। अब मेरी कृपा से सर्वदण्डनायक महाप्रतिहार श्रीभौमगुप्त स्थितिपट्टक के द्वारा सूचित करते हैं कि लिग्वल और मापचोक अधिकरणों के लोगों को पञ्चापराधों एवं चारों अधिकरणों के माध्यम से भी आपके ग्राम में प्रवेश नहीं करना चाहिये। तुम सबने इस प्रकार यथापूर्वक सुनकर आज्ञा का पालन किया तथावत् अब भी संलग्न होकर विश्वासपूर्वक निश्चिन्त होकर सुख से रहें। हमारे वंश के भावी राजागण भी धर्मगुरुओं एवं गुरुओं के कृपापात्रों के द्वारा भी यह आज्ञा पालनीय है। इस विषय को सन्देशवाहक राष्ट्रवर्मा तथा प्रसादगुप्त क्रियान्वित करते हैं। संवत् ४८२ श्रावण शुक्ल प्रतिपदा।

XX

त्यागलटोले शङ्करनारायणस्वामी प्रशस्ति-अभिलेख

संवत् ४८९ (सन् ५६७ ई०)

यह अभिलेख देवपाटन में गंचननि नामक स्थान पर त्यागलटोले नामक गृह के चबूतरे में स्थित हरि-हर (उमा-महेश्वर) की मूर्ति के मूलाधार पर लगभग ६४ सैं० मी० चौड़ाई में उत्कीर्णित है।

१. ओ३म् पत्योर्न्नौ[1] पश्य हे श्रीर्युगलममिथुनं शूलभृच्छाङ्गपाण्योरेकै- कस्यात्र किं तन्न सुकरमनयोस्तौयदेकत्रपृक्तौ। मूर्त्ति[म्] त्य [क्त्वेव]

२. नूनं सखि मदनरिपोरेवमुक्त्वा भवान्या योऽदृष्टो जातु तस्मै सततम् इह ममोऽस्त्वर्द्धंगौरीश्वराय॥

(अर्द्धगौरीश्वराय)

संवत् ४०० ८०९ प्रथमाषाढ–

३. शुक्लाद्वितीयायां भट्टारकमहाराजश्रीगणदेवकालम् अपरिमितं समा- ज्ञापयति परमदैवत श्री भौमगुप्तपादानुध्यातो विदि–

४. त विनयः शश्वत् कुशलकर्मण्युपहितपरमानुग्रहः प्रकृष्टकुलजन्मा दिवं उपगतयोर्म्मातापित्रोरात्मनश्च पुण्योपचितये

५. स्वामिवार्त्तः सकलभुवनसंभवस्थितिप्रलयकारणम् अनादिनिधनं भगवन्तम् इह शङ्करनारायण स्वामिनं प्रतिष्ठापितवान् (।) अपि च (।)

६. [2]योऽसौ सर्व्वत्रिभुवनगुरुः श्रेयसाञ्चाधिवासो यस्मिन् बद्धा नियमित- फलाः सम्पदः पुण्यभाजाम्। नानारूपं भुवनमखिलं

---

१. स्रग्धरा

२. मन्दाक्रान्ता

७. धार्य्यते येन चेदं तस्मिन् भक्तिर्न भवति वृथा शुद्धचित्ताशयानाम् ॥
[3]भिन्ने पुंसां जगति च तथा देवताभक्तिभावे पक्षग्राहभ्रमित-

८. मनसाम् पक्षविच्छित्तिहेतोः ।
इत्यधर्म्याभ्यां समुपरिचितं यन्मुरारीश्वराभ्याम्
एकं रूपं शरदिजधनश्यामगौरं तदव्यात् ॥
[4]पुण्यानि येष्युभयलोकेसुखावहानि कुर्व्वन्ति हि प्रतिदिनं विगता-
भिमानाः ।
कृत्वापि तेऽत्र विधिवद् विषयोपभोगं स्वैः कर्म्मभिः सुकृतिनो दिवं
आवसन्ति ॥
[5]पुंसां पापकृतामधः सुकृतिनामूर्ध्वङ्गतिर्द्धीमतामित्येवं प्रविचिन्त्य
निश्चितमतिः सम्प्रज्ञया प्रज्ञया । द्रष्टाद्रष्ट-

९. विधिप्रयोगनिपुणो वार्त्तः स्वपुण्याप्तये मूर्त्तिङ्केशवशङ्कराद्धंरचिताम-
स्थापयेद् भक्तितः ॥

हे लक्ष्मी, अपने दो अमिथुन (पति-पत्नी के रूप में नहीं) पतियों के जोड़े को देखो। त्रिशूलपाणि भगवान् शङ्कर तथा धनुषपाणि भगवान विष्णु को क्या पृथक्-पृथक् देखना सम्भव है ? नहीं। दोनों को एकत्र देखना ही सम्भव है क्योंकि वे दोनों एक हैं। कामदेव के शत्रु को हे सखि ! आकृति को छोड़कर निश्चयपूर्वक जानो। भवानी के द्वारा इस प्रकार कहे जाते हुए जो भगवान् अर्द्धगौरीश्वर दृष्टि से ओझल हो गये उनके लिये यहाँ मेरा सतत प्रणाम हो। संवत् ४८९ प्रथमाषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भट्टारक महाराज श्रीगणदेव अपरिमित काल के लिये आज्ञा देते हैं—परमदेव श्री भौमगुप्त के चरण का ध्यान करने वाले, कर्म में कुशल और कृपा से युक्त, उत्कृष्ट कुल में जन्मे, स्वर्गीय माता पिता और अपने पुण्य के संचय करने के लिये स्वामिवार्त ने सम्पूर्ण भुवन की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारण, अनादि-निधन भगवान शङ्करनारायण स्वामी की स्थापना की और जो इस सम्पूर्ण त्रिभुवन के भी गुरु हैं, निःश्रेयस् के अधिष्ठान हैं, जिनमें पुण्यभागियों की सम्पदा और नियमित फल बँधे हुए हैं, जो नाना रूपों में सकल भवन को

---

३. मन्दाक्रान्ता
४. वसन्ततिलका
५. शार्दूलविक्रीडित
६. अस्थापयत्

धारण करता है, जिसका यह रूप है, शुद्धचित्ताशय वालों की भक्ति जिसमें वृथा नहीं जाती। जगत् में भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का भिन्न-भिन्न देवताओं के प्रति भक्तिभाव में पक्ष का छेदन करने वाले कारण रूप हैं, जो दोनों अर्द्ध भागों से युक्त परिचित मुरारी और शङ्कर का एक रूप हैं, जो एक ओर शरदज घन के समान श्याम हैं तो दूसरी ओर गौर हैं, वही हमारी रक्षा करें। अभिमान को छोड़कर जो नित्य ही दोनों लोकों में सुख पहुंचाने वाले पुण्य कार्यों को करते हैं और विधिवत् यहाँ उन विषयों का उपभोग करके सुकृतीजन अपने शुभ कर्मों के द्वारा स्वर्ग में जा बसते हैं।

पापी जनों की अधोगति और पुण्यकर्त्ताओं की ऊर्ध्वगति (मुक्ति) इससे होगी, ऐसा बुद्धिमानों ने विचारकर अपनी विशिष्ट बुद्धि से निश्चित किया। दृष्टादृष्ट के विधि प्रयोग में निपुण स्वामीवार्त ने अपनी पुण्यप्राप्ति के लिये यह शङ्कर और केशव की अर्द्धेकत्र मूर्ति भक्तिपूर्वक स्थापित की।

XXI

सपालीगाँव निषेधाज्ञा-शिलालेख

संवत् ४८९ (५६७ ई०)

यह अभिलेख बुद्धनीलकण्ठ से लगभग एक किलो मीटर दूर सपाली नामक ग्राम में लगभग ३३ सैं० मी० चौड़ी प्रस्तर-शिला पर अभिलिखित है। शिला का ऊर्ध्व भाग चक्र एवं दो शङ्खों से सुशोभित है।

१. [ओ३म्[1] स्वस्ति] मानगृहात् प— — — — — — —[भट्टा][2]
२. रक महाराज[3] [श्री]गणदेवः [कुशली] — —
३. — — —प — — —नव— — — — — — —
४. — — —मनु— — — — — — — — — — —
५. — — —ज्ञापयति विदितमस्तु — — —
६. — — द — न[4] — — — — — — — — — — —
७. —गुप्त विज्ञा[पितेन] — — — — — —
८. [5]— — —र— — — — — — — — — —
९. – – – – – – – – – – – – – – – – – –
१०. – – – – – – – – – – – – – – – – – –
११. – – – – – – – – – – – – – – तस् त्र—
१२. – – – – – – – – – – – – – – – – – –
१३. — — —समि — — — — — — —वति — —
१४. मा— —हनि — — — — — — — — — — — —
१५. – – – – – – – – – – – – – – – – – –
१६. — — — — —करम— — — — — — — —

---

१. L. ओम् शब्द को नहीं पढ़ते हैं।
२. L. 'भट्टा' को नहीं पढ़ते हैं।
३. L. रिक्त छोड़ते हैं।
४. L. मान ॥
५. L. ८-१७ तक रिक्त

१७. — न प्रवि— — — — — — — — — — — —
१८. — द् अपि[6] इ . इ — — — — —[इ] त्येवं विदित्वाद्या—
१९. ग्रेण न केनचिदन्यथा करणीयम् यश्चेद—[7]
२०. म् अन्यथा कुर्य्यात् कारयेद् वा तस्याहमकृत्यका—
२१. रिणो बाढ़म् न मर्षयिष्यामीति भट्टारक—
२२. पादीयोप्यत्रदूतको वृषवर्मा ।। संवत्
३३. ४०० ८० ९ श्रावणशुक्लदिवद्वादश्याम् ।

सबका कल्याण हो । भट्टारक महाराज श्री गणदेव कुशलतापूर्वक— — चरणों का ध्यान करने वाले — — आज्ञा प्रदान करते हैं कि —'आप सबको विदित है— गुप्त के द्वारा — सूचित किया जाता है कि — — — इस प्रकार आज और भविष्य में किसी को भी इसका अतिक्रमण नहीं करना चाहिये । जो कोई भी इसका अतिक्रमण करेगा या करायेगा — — उस अवज्ञाकारी को मैं मरवा डालूंगा । ऐसे भट्टारक पादीय दूतक है वृषवर्मा ।

संवत् ४८९ श्रावण शुक्ला द्वादशी ।

---

६. L. रिक्त छोड़ देते हैं ।
७. L. करणम्...... ।।

च्यासलटोले-शिलालेख

यह अभिलेख पाटन में च्यासलटोले नामक स्थान पर लगभग ४० सैं० मी० चौड़ी प्रस्तर-शिला पर उत्कीर्णित है। शिला का ऊपरी भाग नष्ट प्राय हो गया है।

१. — — — — — — — — — — — — — — —कुर्यात् कार-
येत् वा — — — — — — — —

२. — — — — — — — — — — — — — — — —धर्म्मगुरुभिः
- - - - - - - -

३. — — — — — — — — — — — — — — — — — य —
हस्तिन - - - - - - -

४. — — — — — — — — — — — — — — — — —
— — — — मत — — — — — —

५. — — — — — — — — — — — — — सम्प्रासाद —
रिषत्तदा तदा — — —

६. — — — — — — — — — — — — — स्वर्ग्गनिरास्थो
नि—सन्मनस्वी — — —

७. — — — — — — — — — — — — — — तावच्चिरनरक-
दुःखभाक्ष्यात्[1] — —

८. — — — — — — — — — — — — — — — — म्महीं-
भुजाम् ह्यपहरेत् चल — —

९. — — — — — — — — — — — —पश्य सोऽज्ञो[2]
जायेत्पश्चाच् निरयेषु स्थि— —

१०. — — — — — — — — — — — — — —न गोमीति संवत्
५००१०५ फाल्गुन शुक्लदिव पं[चम्याम्]

— — —करेगा या करायेगा — — — धर्मगुरुओं के द्वारा हस्तिन् — — महल — — तब तक — — —स्वर्ग से हटकर — — — सद् मनस्वी व्यक्ति — — — — तब तक चिरकाल तक नरक में दुःख भोगता है — — — राजा को ही अपहृत कर लेना चाहिये — — — देखो ... — वह अज्ञानी है। — —कालान्तर में उत्पन्न होकर नरकों में स्थित — — — गोमी ने यह — — — इस प्रकार

संवत् ५१५ फाल्गुन शुक्ल पञ्चमी को।

---

१. अपाणिनीय

२. श्लोक

XXIII

भीमसेन पञ्चापराधी-प्रवेश निषेधाज्ञा शिलालेख

संवत् ५१७ (सन् ५९५ ई०)

लगभग ४४ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख पाटन के मङ्गल वजार के भीमसेन मन्दिर के सामने एक जल प्रवाहिका के ऊपर स्थित हैं जो पुलिया के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

संवत् ५१७ (५१७+७८=५९५)

१. [ओ३म् स्वस्ति मानगृहात्] — — — — — —मा— कल्याणो निरुपमगुण

२. — — — — — — — — — [भ]ट्टारकमहाराजश्रीशिवदेवः कुशली

३. — — — — — — [निवासि] नः प्रधानपुरस्सरान् ग्राम-कुटुम्बिनः कु—

४. [शलमाभाष्य समाज्ञा] पयति विदितम् भवतु भवतां यथाने—

५. [न] — — — — प्रणत — ञ्ज — — — — चरणयुगलेन प्रख्याता

६. [मलविपुलयशसा] श्री सामन्तांशुवर्म्मणा विज्ञापितेन मयैतद्गौरवाद् [युष्म]—

७. [दनुकम्पया च] कूथेर्वृत्त्यधिकृतानां समुचितस्त्रिकर्मात्रसाधना [यै]—

८. [व प्रवेशो]ऽस्मिन्दङ्गो — — — इ लिङ्गव्व — ल्गुल्लिपञ्चापराधादिनिमित्तन्त्वप्र[वे]—

९. [श इति] प्रसादो वः कृतो लशुन [प] लाण्डु — कराभ्यां प्रतिमुक्तश्चिरस्थितये चास्य

१०. [प्र]सादस्य शिलापट्टकशासनमिदम् दत्तं तदेवं वेदिभिरस्म —

११, त्पादोपजीविभिरन्यैर्व्वा न कैश्चिद् अयम् प्रसादोऽन्यथा करणी-योयस्त्वे

१२. तामाज्ञां विलङ्घ्यान्यथा कुर्य्यात् कारयेद् वा तमहम् अतितरान्न मर्षयि—

१३. ष्यामि भाविभिरपि भूपतिभिर्धर्म्मगुरुभिर्ग्गुरुकृतप्रसादानु—

१४. वर्त्तिभिरियमाज्ञा सम्यक् पालनीयेति समाज्ञापना दूतकश्चात्र

१५. रामशीलवार्त्तः संवत् ५०० १०७ वैशाखमासे शुक्लदिवा दशम्याम् ।

मानगृह से सबका कल्याण हो । उपकार तथा गुण में निरुपम भट्टारक महाराज श्री शिवदेव कुशलतापूर्वक निवासियों तथा प्रधानों के समक्ष ग्राम के कुटुम्बियों से कुशलता पूछकर आज्ञा प्रदान करते हैं कि आप सबको ज्ञात हो कि आपके अन्य प्रणत सामन्तों से युक्त चरण-युगल से प्रख्यात तथा निर्मल एवं विपुल यश वाले सामन्त श्री अंशुवर्मा मेरे द्वारा गौरवतापूर्वक यह विज्ञापित करते हैं कि कुथेराधिकरण के वेतन भोगी एवं अधिकारीगण ही तीन प्रकार के आर्थिक करों के संचय हेतु इस दृङ्ग नामक ग्राम में प्रवेश कर सकेंगे — — — लिङ्गवल् तथा शुल्लि अधिकरणों के अधिकारीगण पञ्चापराध सम्बन्धी कार्यों के विषय में प्रवेश नहीं करेंगे । लशुन और प्याज को कर मुक्त कर दिया गया है । इस प्रकार कि हमने कृपा की है । इस आदेश के चिरस्थायित्व के लिये लिखित शिलापट्ट प्रदान किया गया है । इस प्रकार विदित हो कि हमारी कृपा पर आजीविका चलाने वालों अथवा अन्य किसी के द्वारा इस आदेश का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये । जो इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा या करायेगा तो उसको मैं किञ्चितमात्र भी सहन नही करूँगा । भावी राजाओं के द्वारा भी, धर्मगुरुओं के द्वारा, गुरुओं के कृपापात्रों के द्वारा भी इस आज्ञा का सम्यक् रूप से पालन होना चाहिये ।" इस प्रकार की राजाज्ञा है । यहाँ पर सन्देशवाहक है रामशीलवार्त—संवत् ५१७ वैशाख शुक्ल दशमी ।

XXIV

भाद्गाँव पञ्चापराध-निषेधाज्ञा-शिलालेख

संवत् ५१७ (सन् ५९५ ई)

यह अभिलेख भाद्गाँव में गोलमढ़ि नामक स्थान पर लगभग ५० सैं० चौड़ी प्रस्तर-शिला पर अंकित है। इस शिला का ऊपरी भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों से सुशोभित है। वैण्डले के अनुसार यह अभिलेख संवत् ३१६-३१८ के मध्य का प्रतीत होता है।

१. स्वस्ति मानगृहात् अपरिमितगुणसमुदयोद्भासितयशा ब-
२. प्पपादानुध्यातो लिच्छविकुलकेतुर्भट्टारकमहाराज श्रीशिवदे —
३. वः कुशली माखो प्रंसतल[1] द्रङ्गनिवासिनः प्रधानपुरस्सरा-
४. न् ग्रामकुटुम्बिनः कुशलपरिप्रश्नपूर्व्वं समाज्ञापयति विदि-
५. तम् भवतु भवतां यथानेन प्रख्यातामलविपुलयशसा स्वप-
६. राक्रमोपशामितासित्रपक्षप्रभावेन श्रीमहासामन्तांशुवर्म-
७. णा विज्ञापितेन मयैतद्गौरवात् युष्मदनुकम्पया च कूथेर्व्[2]-
८. त्यधिकृतानामत्र[3] समुचितास्त्रिकरमात्रसाधनायैव प्रवेशोलेख्य दान-
पञ्चापराधाद्यर्थम् त्वप्रवेश इति प्रसादो वः-
१० कृतस्तदेवं वेदिभिरस्मत्पाद प्रसादोपजीवि-
भिरन्यैर्व्वा-
११. कैश्चिद् अयमन्यथा करणीयोयस्त्वेतामाज्ञां विलङ्घ्यान्यथा कु-
१२. र्य्यात् कारयेद्द वा तमहमतिराम् न — मर्षयिष्यामि येऽपि मद्-
१३. ध्र्वम् भूभुजो भवितारस्तैरपि धर्म्मगुरुभिर्ग्गुरुकृत[4] प्रसा-

---

1. B. reads Mākhoṣṭaṁsatsara.
2. B. has Vipula — — — — sa
3. B. reads—Kūbervvattyadhikṛtānām.
4. B. has Dharmagurubhir mā (— — kṛ) ta .

१४. दानुर्बत्तिभिरियमाज्ञा सम्यक् प्रतिपालनीयेति समाज्ञापना

१५. दूतकश्चात्र भोगवर्म्मं गोमी[५] संवत् ५०००१०७ ज्येष्ठ शुक्लदिवा दशम्याम् ।

मानगृह से सबका कल्याण हो । अपरिमित गुणों के उदय से प्रकाशित होते हुए यशवाले, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले लिच्छवि-कुलकेतु भट्टारक महाराज श्री शिवदेव कुशलतापूर्वक माखोप्रंसतल और दङ्ग निवासी प्रधानों के समक्ष ग्राम-कुटुम्बियों से कुशल-परिप्रश्न पूछने के पश्चात् आदेश प्रदान करते हैं, "जैसा आप लोगों को ज्ञात हो कि प्रसिद्ध निर्मल एवं विपुल यश वाले अपने पराक्रम से शत्रु पक्ष के प्रभाव को शमित करने वाले श्रीमहा-सामन्त अंशुवर्मा के माध्यम से, आप लोगों की अनुकम्पा से मैं गौरवतापूर्वक कूथेराधिकरण के अधिकारियों को यहाँ केवल त्रिकरमात्रों को ही अच्छी प्रकार एकत्रित करने के लिये प्रवेशाधिकार लिखकर दिया है । यहाँ पञ्चा-पराधादि सम्बन्धी विषयों के उपलक्ष्य में प्रवेश निषिद्ध है । इस प्रकार हमारे चरणों के कृपापात्रों के अथवा अन्यों के द्वारा इस आदेश का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये । जो कोई भी इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा या करायेगा तो मैं उसे क्षण भर भी सहन नहीं करूँगा ।

मेरे पश्चात् होने वाले राजागणों के द्वारा भी, धर्मगुरुओं के द्वारा एवं गुरु के कृपानुयायिओं के द्वारा भी इस आज्ञा का अच्छी प्रकार पालन किया जाना चाहिये । ऐसा आदेश है । यहाँ सन्देशवाहक हैं भोगवर्म गोमी । संवत् ५१७ ज्येष्ठ शुक्ल दशमी ।

---

5. B. reads Bhogavarmā swāmī

XXV

भादगाँव स्थित भोगवर्मागोमीकृत राजाज्ञा शिलालेख

संवत् ५१७ (सन् ५१७+७८=५९५)

यह शिलालेख ५० सैं० मी० चौड़ा है जो भादगाँव के तुलाच्छेन टोले नामक स्थान पर स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक चक्र, दो शङ्खों तथा एक फूल की आकृतियों से सुशोभित है।

१. स्वस्ति मानगृहात् अपरिमितगुणसमुदयोद्भासि-
२. तयशा बप्पपादानुध्यातो लिच्छविकुलकेतुर्भ-
३. [ट्टा]रकमहाराज श्रीशिवदेवः कुशली खृपुङ्ग्राम-
४. आसूर्यविध्वद्याग्रान्[1] निवासिनः प्रधानपुरस्सरान् ग्राम-
५. कुटुम्बिनः कुशलपरिप्रश्नपूर्व्वं समाज्ञापयति विदि-
६. तम् भवतु भ[वतां यथाने] न प्रख्यातामलविपुलयशसा
७. स्वपराक्र[मोपशमि]तामित्रपक्षप्रभावेन श्रीमहा—
८. सामन्तांशु[वर्म्मणा] विज्ञापितेन मयैतद्गौरवाद्[युष्म]-
९. दनुकम्प[या च कूथे] र्वृ [र्त्यधिकृताना]म् अत्र समुचितस्त्रि।
१०. रमात्रसाधनायैव प्रवेशो लेख्यदानपञ्चापराधा
११. द्यर्थम् त्वप्रवेश इति प्रसादो वः कृतस्तदेवंवेदिभि-
१२. रस्मत्पादप्रसादोपजीविभिरन्यैर्व्वा न कैश्चिदयम—
१३. न्यथा करणीयो यस्त्वेतामाज्ञाम्
विलङ्घ्यान्यथा कुर्य्यात् कारये—
१४. द् वा तमहम् अतितरान्न मर्षयितास्मि येऽपि मदूर्ध्वम् भू—
१५. भुजो भवितारस्तैरपि धर्म्मगुरुभि[र्गुरुकृ]तप्रसादा—
१६. नुवर्त्तिभिरियम् आज्ञा[ऽ]सम् [यक प] रिपालनीयेति समा—
२७. ज्ञापना [दूतकश्चात्र भो]गवर्म्म,गोमी संवत् ५००
१८. १०७ — — — [शु] क्लदिवा [प]ञ्चम्याम्।

मानगृह से सबका कल्याण हो। अपरिमित गुणों के समुचित विकास से उद्भासित यश वाले, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले लिच्छवि – कुल-केतु भट्टारक महाराज श्री शिवदेव कुशलतापूर्वक खृपुं ग्राम में ब्रह्मा और सूर्यादि जो भी हैं उन सब अग्रणियों तथा कुटुम्बियों के प्रधानों के समक्ष कुशल परिप्रश्न करने के पश्चात् यह आज्ञा प्रदान करते हैं कि—'आपको यह विदित हो कि जैसे इन प्रसिद्ध, निर्मल, विपुल, यशवाले तथा अपने पराक्रम से शत्रु-पक्ष के प्रभाव को शमित करने वाले महासामन्त अंशुवर्मा के द्वारा ज्ञापित मैंने गौरवपूर्वक आपकी इस अनुकम्पा से कुथेर अधिकरण के उप-जीवियों का समुचित त्रिकर (भोग, भाग, कर) संचय हेतु ही प्रवेश लिखकर दिया है। विक्रय, उपहार-दान, पञ्चापराधादि सम्बन्धी कार्यों के लिये यहाँ प्रवेश नहीं। — इस प्रकार की कृपा की गई है। यह जानने वालों हमारे चरण-प्रसादोपजीवियों और अन्य किसी के द्वारा इस आज्ञा का उल्लङ्घन नहीं होना चाहिये। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा, या करायेगा मैं पूर्णरूप से उसे सहन नहीं करूँगा। जो भी मेरे पश्चात् होने वाले राजागण हैं, उनके द्वारा, धर्मगुरुओं और उनके कृपानुयायियों के द्वारा इस आज्ञा का पालन अच्छी प्रकार होना चाहिये। इस प्रकार की यह विज्ञप्ति है। यहाँ दूतक हैं भोगवर्मा गोमी। संवत् ५१७ शुक्ल दिवा पञ्चमी।

XXVI

धर्मपुर स्थिअ राजाज्ञा शिलालेख

संवत् ५१८ (सन्   )

यह ४४ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख धर्मपुर नामक ग्राम में स्थित है। शिला का ऊपरी भाग भग्न चक्र एवं दो शङ्खों से अंकित है।

१. [स्वस्ति मानगृहाद्] अमल— — — — — — — — — — — — — — — — — — — —

२. — — — — — — — — — — — — — — — — — — [श्री] शिवदेवः कुशली — — — — —

३. —कु — — — — — — —

४. — — — — — समाज्ञापयति विदितम् [भवतु भवतां यथानेन] — —

५. — — — — — — — क्षितिपति — — — — — — — — — — — — — — — — — —

६. — — लन —

७. श्रीमहासामन्तांशुवर्म्मणा युष्मदनुग्रह — — —

८. कृथेर्वर्त्त्यधिकृतानामिह समुचितस्त्रीकर साधना[यैव प्रवेशो]

९. [ले]ख्यदानपञ्चापराधनिमित्तम् त्वप्रवेश इति प्रसादो वः [कृतस्तद् एवम्]—

१०. वेदिभिरस्मच्चरणोपजीविभिरन्यैर्व्वा न कैश्चिदयम् प्रसादोऽ [न्यथा कर]–

११ णीयो यस्त्वेतामाज्ञामुल्लघ्यान्यथा कुर्य्यात् कारयेद्वा तम् अह–

१२. म् न मर्षयिष्यामि येऽपि मदूर्ध्वम् भूभुजो भवितारस्तैरपि धर्म्म[गु]—

१३. रुभिर्[गु]रुकृतप्रसादानुवर्त्तिभिरियमाज्ञा सम्यक् प्रतिपालनी[या]

१४. दूतकश्चात्र विप्रवर्म्मगोमी संवत् ५००१०८ प्रथमा[षा]—

१५. ढ शुक्लदिवा द्वादश्याम् ॥

मानगृह से सबका कल्याण हो। निर्मल तथा विपुल यश से सुशोभित श्री शिवदेव कुशलतापूर्वक — — — — — सूचित करते हैं कि जैसे आपको विदित है कि आपके भूपाल — — — श्री महासामन्त अंशुवर्मा द्वारा विज्ञापित मैंने आपके अनुगृह के द्वारा गौरवतापूर्वक कूथेर अधिकरण के अधिकारियों को केवल त्रिकर मात्र इकत्रित करने हेतु ही प्रवेशाधिकार लिखकर दिया है। पञ्चापराधादि सम्बन्धी कार्यों के लिये नहीं। इस प्रकार का आदेश (कृपा) है। इस प्रकार जानने वालों के द्वारा, हमारे चरणोंपजीवियों अथवा अन्य किसी के द्वारा भी इस आज्ञा का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये। जो भी इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा या करायेगा मैं उसको सहन नहीं करूँगा। मेरे पश्चात् होने वाले जो भी राजागण होंगे, उनके द्वारा श्री धर्मगुरुओं के द्वारा, गुरु-प्रसादानुयायियों के द्वारा यह आज्ञा अच्छी प्रकार पालित होनी चाहिये। यहाँ सन्देशवाहक हैं विप्रवर्म्म गोमी। संवत् ५१८ प्रथमाषाढ़ शुक्ल द्वादशी के दिन।

XXVII

बुद्धानीलकण्ठ-शिलालेख

संवत् ५१८ (सन् ५१८+७८=५९६)

४२ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख काठमाण्डू के उत्तर में पाँच मील दूर शिवपुरी पहाड़ी के निकट बुद्धानीलकण्ठ नामक स्थान पर एक दीवार में स्थित है। शिला का ऊपरी भाग पुष्पों की आकृतियों से सुसज्जित है।

१. ओ३म् स्वस्ति मानगृहाच्छ्र तनयविनयशौर्य्यधैर्यंवीर्य्याद्यशेष-
२. सद्‌गुणगणाधारो लिच्छविकुलकेतुर्भट्टारकमहाराजश्री-
३. शिवदेवः कुशली आङ्लाबकसपितानरसिंहोभयपाञ्चाली[1]—
४. निवासिनो यथाप्रधानङ्ग्रामकुटुम्बिनः कुशलमाभाष्य
५. समाज्ञापयति विदितं भवतु भवतां यथानेन पृथुस—
६. मरसम्पातनिर्जयाधिगतशौर्य्यप्रतापोऽपहत[2] सक—
७. लशत्रुपक्षप्रभावेन सम्यक् प्रजापालन—
परिश्रमोपार्ज्जि—
८. ताशुभ्रयशोभिव्याप्तदिङ्मण्डलेन श्रीमहासामन्तांशु[3]वर्म्मं—
९. णा युष्मद्धितविधानाय विज्ञापितेन मयैतद्‌गौरवा [द्‌-
१०. युष्मदनुकम्प] या च कूथेवृ[4]स्यधिकृतानां समुचित-
११. [स्त्रिकरमात्रसाधनायैवप्रवेशो लेख्यदान]
१२. पञ्चापराधाद्यर्थम् त्वप्रवेश इति प्रसादो वः कृत-
१३. स्तद् एवं ेदिभिरस्मच्चरणतलोपजीविभिरन्यैर्वा
१४. न कैश्चिदयम् प्रसादोऽन्यथा करणीयो—
यस्त्वेताम् आज्ञाम् विलङ्घ्या—

---

१. Bh. I. कुशला— — — — पिता नरसिंहोऽभय— — — — ॥
२. Bh. I. प्रतापापहत ॥
३. 'म' वर्ण पंक्ति के नीचे उत्कीर्णित है।
४. Bh. I. न्यधिकृताना समुचित — —

१५ न्यथा कुर्य्यात् कारयेद् वा तमहम् अतितरा-
[न्न] मर्षयिष्या—

१६. मि भाविभिरपि भूपतिभिर्धर्म्मगुरुभिर्गुरुकृतप्रसा—

१७. दानुवर्त्तिभिरियमाज्ञा सम्यक् प्रतिपालनीया, दूतकश्चात्र

१८. विप्रवर्म्मगोमी संवत् ५००१०८ प्रथमाषाढ़शुक्लद्वादश्याम् ।

मानगृह से सबका कल्याण हो । वेदशास्त्रों, नय (नीति अथवा प्रतिभा), विनयशीलता, शौर्य, धैर्य, वीरता आदि सभी सद्गुणों के आधार लिच्छवि-कुल-केतु-भट्टारक महाराज श्री शिवदेव कुशलतापूर्वक आङ्लाबक तथा पिता नरसिंह नामक ग्रामों के निवासी दो पाञ्चालिकों की प्रधानता के नेतृत्व में ग्राम कुटुम्बियों से कुशल परिप्रश्न पूछकर आज्ञा प्रदान करते हैं—"जैसे आपको विदित हो कि भयंकर युद्ध सम्मुख होने पर उसे जीतकर, अपने शौर्य और प्रताप से सम्पूर्ण शत्रुपक्ष के प्रभाव को समाप्त करने वाले अच्छी प्रकार प्रजा का पालन और परिश्रम से प्राप्त शुभ यश द्वारा सम्पूर्ण दिङ्मण्डल को व्याप्त करते हुए श्रीमहासामन्त सुवर्मण के द्वारा आपकी कृपा द्वारा तथा आपके हित-विधान के लिये गौरवता पूर्वक यह विज्ञापित किया जाता है कि कूथेर अधिकरण में रहने वाले कर्मचारियों (अधिकारियों) को केवल त्रिकर-साधना (तीनों कर इकत्रित करने) के लिये ही प्रवेशाधिकार दिया जाता है। तथा लेखन कार्य, दानोपहार एवं पञ्चापराधसम्बन्धी कार्यों के विषय में उनका प्रवेश यहाँ निषिद्ध है। ऐसी कृपा की है। इसे इस प्रकार जानने वालों के द्वारा अथवा अन्य किसी के द्वारा इस नियम का अतिक्रमण न हो। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करके विपरीत आचरण करेगा या करायेगा वह कदाचित् मेरे द्वारा सह्य नहीं होगा।

बाद में होने वाले भूपति, धर्मगुरु, गुरुप्रसादानुयायियों के द्वारा भी यह आज्ञा अच्छी प्रकार से पालनीय है। यहाँ दूतक हैं विप्रवर्मा। संवत् ५१८ प्रथमाषाढ़ शुक्ल द्वादशी।

XXVIII

सतुंगल वनछेदन-निषेध शिलालेख

संवत् ५१९ (सन् ५१९+७८=५९७ ई०)

यह २६ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख सतुंगल ग्राम में स्थित है। इसका ऊपरी भाग एक चक्र एवं दो शङ्खों की आकृतियों से सुशोभित है।

१. [ओ३म् स्वस्ति मानगृहात्परिमित] गुणसमुद[योद्भासितयशा बप्प—
२. [पादानुध्यातो लि]च्छवि कुलकेतुर्भट्टारक महा[राजश्री]
३. [शिवदेवः कुशली] कादुङ्ग्रामनिवासिनः प्रधान पु[रस्स[—
४. [रान् ग्रामकुटुम्बि] नः कुशलमाभाष्य समा ज्ञापय [ति—
५. वि] [दितं भवतु भव] तां यथानेन शरद्घनशशाङ्क मु [खेन]
६. शत्रुसंख्याप्रमित (परिमित) बलपराक्रमेण श्री महासा [म]न्तां—
७. [शु वर्म्म]णा विज्ञापितेन सता मयैतद्गौरवात् [यु]
८. [युष्मदनु] कम्पया च शिलापट्टकशासनेऽभिलिख्य
९. प्र [सादो]ऽयम् वः कृतो युष्मद्ग्रामनिवासिनामितः
१०. तो [र] ण सुपत्राहरणाय सर्व्वत्र वनभूमि—
११. ङ्गच्छतां तदादायागच्छताञ्चाध्वनि — फेरङ्कोट्टनि—
१२. वासिभिरन्यैश्च न कैश्चिद् दात्रकट्टारककुठार—
१३. काष्ठाद्याक्षेपो विधारणा वा कार्य्या यस्त्वेतामाज्ञाम्
१४. अविगणय्यान्यथा कुर्य्यात् कारयेत् वा स नि
१५. [य]तन्नृपाज्ञातिक्रमनियमनमवाप्स्यति
१६. भ [विष्य] द्भिरपि भूपतिभिर्द्धर्म्मगुरुकृत-
१७. [प्रसादा] नुवर्त्तिभिरयन् प्रसादोऽनुपालनीय
१८. [इति स] माज्ञापना दूतकश्चात्र वार्त्तपुत्र गुणचन्द्रः
१९. [संवत्] ५००१०९ प्रथमपौषशुक्लदिवा द्वादश्याम्॥

ओ३म् मानगृह से सबका कल्याण हो। असीमित गुणों के समुदय के द्वारा प्रकाशित यशवाले, बप्पा के चरणों का ध्यान करने वाले, लिच्छवि-कुल की कीर्ति-ध्वजा महाराज शिवदेव कुशलतापूर्वक कादुग्राम निवासियों,

प्रधान मुखियाओं तथा ग्राम-कुटुम्बियों से कुशल सम्भाषण करके सूचित करते हैं ।

"आप लोगों को ज्ञात हो कि जैसे इस विज्ञप्ति के द्वारा, शारदीय धनों से सुशोभित चन्द्रमुख वाले, अपने अपरिमित बल-पराक्रम के द्वारा असंख्य शत्रुओं को शमित करने वाले श्रीमहासामन्त अंशुवर्मा के द्वारा, आपकी अनुकम्पा के द्वारा, गौरवतापूर्वक मेरे द्वारा यह आज्ञा शिलापट्ट पर लिखकर यह कृपा आप पर की गई । आपके ग्रामनिवासी यहाँ से तोरणादि के लिये पत्ते लेने के लिये, सर्वत्र वन-भूमि में जाते हुए और पत्ते लाते हुए मार्ग में फोरनकोट निवासियों द्वारा अथवा अन्यों के द्वारा भी यहाँ दात्री, कैंची से वृक्ष आदि पर आघात न करें न करवायें । जो इस आज्ञा को न मानकर विपरीत करेगा या करायेगा वह बन्दी बनाया जाकर राजा की आज्ञा का अतिक्रमण करने के नियम के द्वारा दण्डित होगा ।

आगे होने वाले राजाओं, धर्मगुरुओं, और उनकी कृपा के अनुगामियों के द्वारा भी इस आज्ञा का पालन होना चाहिये । ऐसी यह विज्ञप्ति है । यहाँ सन्देशवाहक हैं वार्तपुत्र गुणचन्द्र । संवत् ५१९ प्रथमाषाढ़ शुक्ल द्वादशी ।

XXIX

टोखा भूमिमर्यादा शिलालेख

संवत् ५१९ (सन् ५१९+७८)=५९७ ई०

३९ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख धर्मपुर गाँव के टोखा नामक स्थान पर स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों की आकृतियों से सुशोभित है। प्रथम छः पंक्तियाँ खण्डित एवं अस्पष्ट हैं।

७. — — — — — — — —यथे — — — — — — — —
— — — — — — — — — — — — —

८. — — — — — — — — — — — — — — — — —लभ
— — — — — — — — — — — — — — — —

९. — — —सङ्गमस्ततस् त — — — — — — — — —

१०. — — — — — — — — — — — — — — — — सेतु
— ङ्ग — — — — — —

११. — — — — — — — — —परि— — — — — — —
स् ततो मार्ग्गमनुसृत्य — — —

१२. — — — — — — — — — — — — — — — — —
— —लवृक्षस्तस्य चाधस्ति— — —

१३. — — — — — — — — — — — — — — — — —
[अनु] सृत्य वसे— तस्मात् उत्तर — — —

१४. — — — — — — — — — — — — — — — — —
— रे उदकपानीयपातस्तस्मादुत्त[र]

१५. — — — — — — — — — — — — — — — — —
पञ्चकश्च ततो दक्षिणानुसारतो — —

१६. — — — — — — — — — — — — — — — — —
तो तस्यैव — रि —म् अनुसृत्यरिनू —

१७. — — — — — — — — — — — — — — — — —
स्य दक्षिणतो ज्ञातिखन्नदीत — —

१८. — — — — — — — — — — — — — — — —
— स्तदेव — —परिक्षिप्त–

१९. — — — — [न कैश्चिदस्मद्पादप्रसादोपजीविभिः] रन्यैर्व्वा सूक्ष्मापि पीड़ा कार्य्या—

२०. [यस्त्वेतामाज्ञां विलङ्घ्यान्यथा कुर्य्याद् कार] येद् वा तमहम् न मर्षयिष्यामि येऽपि

२१. [मदूर्ध्वम् भूभुजो भवितारस्तैरपि धर्म्म] गुरुभिर्ग्गुरुकृतप्रसादानुर्वात्त—

२२. भिरियमाज्ञा सम्यक् प्रतिपालीया] — — — — — — यतो — प — — ह —

२३. — — — — — — — — — — — — — — —एड. त. इ— माज्जित — नैर्द्द — —

२४. — — — — — — — — — — — — — — — — — — सत्तोयावलीयम् खलाय

२५. — — — — — — — — — — — — तदा तस्य फलम्— — — — — —प्यानानि—

२६. — — — — — — — — — — — — — — दा. य. — वन्य . प्रजा — — — दत्तं उपहरन्

२७. — — — — — — — — — — — — — — — न — — — — घेन्न कर्त्तव्यम् भू — — पहरेत्

२८. — ॥ दूतकश्चात्र विप्रवर्म्मगोमी संवत् ५१९

२९. — —शुक्लदिवा दशम्याम् ॥

७. — — यथा

८. — —

९. — — गुणसङ्गम वैसे ही

१०. — — सेतु — —

११. — — मार्ग का अनुसरण करते हुए

१२. — — — —

१३. अनुसरण करके

१४. — — उसके उत्तर में कुआ
१५. — — पाँच — दक्षिण में
१६. उसके — —अनुसरण करते हुए
१७. — — उसके दक्षिण में ज्ञाति वालों के द्वारा खोदी गई नदी के साथ साथ
१८. — — वही — — में
१९. किसी के द्वारा हमारे चरण और कृपा के उपजीवियों के
२०. द्वारा और अन्यों के द्वारा थोड़ी सी भी पीड़ा नहीं दी जानी चाहिये। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करके विपरीत करे या करायेगा उसको मैं सहन नहीं करूंगा।
२१. मेरे पश्चात् होने वाले जो भी राजागण हैं, उनके द्वारा, धर्मगुरुओं के द्वारा, गुरुओं के कृपानुयायियों के द्वारा
२२. यह आज्ञा सम्यक् रूप से पालनीय है।
२३. — — --

---

९. Levi reads Line from Na. 9 to 29 सङ्गमस् ततस्त
१०. सेतु ...
११. पूर्व्व — स् ततो मार्ग्गग् अनुसृत्य
१२. लवृक्षस् तस्य चाधस् ति
१३. सृत्य ... तस्मादुत्तर
१४. नीयपातस् तस्मादुत्तर
१५. ततो दक्षिणानुसार
१६. म् अनुसृत्य
१७. स्य दक्षिणतो जातिरवृन्नदी
१८. परिक्षेप्ता
१९. न्यैर्व्वा
२०. मर्षयिष्य्
२१. प्रसादानुव
२६. तद्यश्च . . . . म् अपह

२४. यह — — — दुष्ट के लिये

२५. — तब उसका फल दिया गया ।

२६. — — प्रजा को — — — दिया गया — — — अपहृत किया गया ।

२७. — — नहीं — — करना चाहिये — — भूमि का अपहरण नहीं करना चाहिये ।

२८. — — यहाँ सन्देशवाहक हैं विप्रवर्म गोमी । संवत् ५१९

२९. — — शुक्ल दशमी ।

---

२७. अपह

२८. दूतकश्चात्र विप्रवर्म्मगुमी संवत् ५१९

२९. शुक्लदिवा दशम्याम् ।

XXX

धर्मपुर कर-मर्यादा शिलालेख

संवत् ५२० (सन्+७८) ५९८

२५ सें० मी० चौड़ा यह शिलालेख धर्मपुर नामक गाँव में विद्यमान है। शिलालेख का ऊपरी भाग खण्डित है तथा वह टूटकर लुप्त हो गया है। प्रथम ग्यारह पंक्तियाँ नष्ट प्राय हैं।

१२. — — — भ्यश्च मल्लकर — — — — —
१३. — — चितताम्रपनचतुष्टयादूर्ध्वं — — —
१४. **मु इति प्रसादद्वयम् समधिकं दत्तं तद्**
१५. **एवं वेदिभिर्न्न कैश्चिदिदमप्रमाणङ्कार्य्यम्**
१६. **येऽप्यस्मदूर्ध्वंम् भूभुजो भवितारस्तैर**
१७. **पि धर्म्मंगुरुभिर्ग्गुरुकृतप्रसादानु—**
१८. **रोधिभिरेव भाव्यमिति समाज्ञापना**
१९. **दूतकश्चात्र वार्त्त भोगचन्द्रः संवत्**
२०. ५००२० **माघशुक्ल द्वादश्याम्।**

१२. — — — और के द्वारा मल्लकर — — —
१३. — — — चार बातों के अतिरिक्त ताम्रपट्ट पर लिखी गई। — — —
१४. ऐसी जो दो कृपाएँ अधिक दी गई, उसे— —
१५. इस प्रकार जानने वालों के द्वारा, अन्यों के द्वारा अमान्य न की जाये।
